आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

● वर्ष- 16 अंक 158- ● जबलपुर ● शनिवार, 9 जुलाई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-10 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

श्री अमरनाथ गुफा में बादल फटने से आई बाढ़

## पत्थरों में दबे मिल रहे शव

# अब तक 16 की मौत

# 65 श्रद्धालु लापता



**श्री नगर,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में श्री अमरनाथ गुफा के पास शुक्रवार शाम करीब साढ़े पांच बजे बादल फटने से आई बाढ़ में तीन महिलाओं समेत 16 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। लगभग 48 तीर्थयात्री घायल हुए हैं और लगभग 65 लापता हैं, पांच यात्रियों को बचा लिया गया है। ताजा खबर यह है कि सेना का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। शनिवार सुबह मौसम साफ होने से राहत तथा बचाव कार्य में तेजी आई है। पत्थरों में दबे शव मिल रहे हैं। हेलिकॉप्टर की मदद से लोगों को सुरक्षित स्थानों कर पहुंचाया जा रहा है। इस बीच हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिए गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। कुछ लोग मलबे में दबे हो सकते हैं। पहलगाम के बालटाल और नुनवान की ओर से पवित्र गुफा की ओर आने वाले भक्तों को भी पास के शिविरों और सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। पंचतरणी जाने के लिए पवित्र गुफा से रात तक श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। जब बादल फटा, तब करीब 15,000 श्रद्धालु पवित्र गुफा और पंचतरणी के आसपास के क्षेत्र में थे। बादल फटने का कारण पवित्र गुफा के ऊपरी हिस्से से करीब छह किलोमीटर पीछे मौसम में अचानक बदलाव होना था। इससे पवित्र गुफा के साथ बहने वाले नाले में पानी भर गया। पहाड़ों से तेज बहाव के साथ आए पानी से श्रद्धालुओं के लिए लगाए गए करीब 25 टेंट और दो से तीन लंगर बह गए। पवित्र अमरनाथ गुफा के पास बादल फटने के बाद लगभग पांच हजार सुरक्षा कर्मियों को बचाव कार्य में लगाया गया है। इसके अलावा पंचतरणी, बालटाल समेत करीब एक दर्जन आधार शिविरों से 2 हजार अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी भी भेजे गए हैं। इनमें आर्म्ड पुलिस, एसडीआरएफ के जवानों के साथ जम्मू-कश्मीर पुलिस के पर्वतारोही बचाव दल को भी शामिल किया गया है।




### डोडा के ठठरी गांव में भी बादल फटा, कोई हताहत नहीं

आज सुबह करीब 4 बजे जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुंटी जंगलों के पास ठठरी गांव में बादल फट गया। फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। कुछ गाड़ियां मलबे में दब गई थीं जिनके चलते हाईवे कुछ समय के लिए ब्लॉक रहा। डोडा के स्स्क्रअब्दुल कायूम ने बताया कि गाड़ियों को निकाल लिया गया है और रास्ते पर आवागमन शुरू हो गया है।

**सेना ने रडार के साथ खोजी कुत्ते भी उतारे**

भारतीय सेना की ओर से राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है। साथ ही लापता लोगों को तलाशने का काम भी जारी है। 2 वॉल राडार और 2 खोजी कुत्तों को पवित्र गुफा में ले जाया गया है। इन्हें शरीफाबाद से हेलीकॉप्टर के जरिए बचाव अभियान के लिए घटनास्थल तक ले जाया गया।जम्मू-कश्मीर प्रशासन के एक अधिकारी ने कहा कि त्रासदी को देखते हुए अमरनाथ यात्रा अगले आदेश तक अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई है।



## हमारी फौज के करीब आया लड़ाकू विमान

# एयरफोर्स एक्टिव हुई तो भाग गया

### एलएसी पर चीन की चिढ़ाने वाली हरकत

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन ने चिढ़ाने वाली हरकत की है। वह यहां युद्धाभ्यास कर रहा है। उसने हमारी फौज के करीब से एक एयरक्राफ्ट गुजारा। वायुसेना सक्रिय हुई तो एयरक्राफ्ट भाग गया। घटना जून के आखिर की बताई जा रही है। मीडिया में यह जानकारी शुक्रवार को आई। भारत ने इस घटना को लेकर चीन के सामने कड़ा ऐतराज जताया है। साथ ही भविष्य में ऐसा न करने की हिदायत भी दी है। दरअसल, एलएसी के पास चीनी एयरफोर्स के युद्धाभ्यास करने का खुलासा हुआ है। इसमें वायु रक्षा हथियारों का भी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करने की जानकारी मिली है। जून के आखिरी हफ्ते में चीन का एक एयरक्राफ्ट LAC पर तैनात भारतीय जवानों की पोजिशंस के बहुत नजदीक आ गया था। रडार पर चीनी एयरक्राफ्ट नजर आते ही इंडियन एयरफोर्स एक्टिव हो गई। एयरफोर्स ने इसे घुसपैठ माना और चीनी एयरक्राफ्ट को मार गिराने के लिए अपनी मिसाइलों को एक्टिव कर दिया। हालांकि भारत की चेतावनी के बाद चीनी एयरक्राफ्ट वापस चला गया। सूत्रों ने बताया कि इस मामले को भारतीय पक्ष ने पहले से तय प्रॉसीजर के तहत चीनी अफसरों के सामने उठाया और आगे ऐसी किसी भी घटना को रोकने के लिए कहा। सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार ने इस घटना के बाद ऐसी किसी भी घटना से निपटने के लिए मिलिट्री सिस्टम को सक्रिय कर दिया था।

### चित्रकूट में दर्दनाक हादसा

## घर के बाहर सो रहे सात लोगों को पिकअप ने रौंदा, 5 की मौत



**चित्रकूट,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में शनिवार सुबह रफ्तार का कहर देखने को मिला। यहां बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। जबकि एक घायल है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, चित्रकूट जिले में झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग के भरतकूप थाना इलाके में सड़क किनारे सो रहे ग्रामीणों को अनियंत्रित टमाटर लदे पिकअप ने रौंद दिया। हादसे में छह ग्रामीणों की मौत हो गई। इनमें से एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। जबकि एक गंभीर घायल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। साथ ही घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




## आफत बनकर गिरी बिजली

# रायसेन में दो युवकों की मौत

**रायसेन ,एजेंसी।** रायसेन के सिलवानी के ग्राम मेहगवा कला में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। दो युवक खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान उनपर बिजली गिर गई। जिससे उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार बिजली गिरने से 26 साल के रूपसिंह और 16 साल के सचिन की मौत हुई है। वहीं गुना में बारिश आफत बनकर आई। बारिश के कारण एक कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। जिससे अलग-अलग कमरों में सात लोग दब गए। हादसे में छह साल के बच्चे समेत पांच से अधिक लोग घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बच्चे की हालत गंभीर है। उसे भोपाल रेफर करने की तैयारी चल रही है। शीतला माता मंदिर के पास ढीमर कॉलोनी में राजाराम केवट का मकान गिर गया। राजाराम का परिवार 75 साल से इसी मकान में रह रहा था। मकान कच्चा था। एक हिस्से में राजाराम केवट, पत्नी के साथ रहते थे। दूसरे हिस्से में उनके बड़े भाई का बेटा कान्हा (50), पत्नी और बच्चों के साथ रहता था। बता दें कि पिछले दो दिन में प्रदेश में बिजली गिरने से 15 से ज्यादा लोगों की मौतें हो चुकी हैं।


## एक सर्कस का अंत

### डील खत्म होने के बाद ट्विटर के कर्मचारियों ने दी प्रतिक्रिया



**कैलिफोर्निया ,एजेंसी।** टेस्ला कंपनी के मालिक एलन मस्क के द्वारा 44 बिलियन डॉलर की ट्विटर डील समाप्त करने के बाद से कंपनी के कर्मचारी भड़क गए हैं। कई कर्मचारियों ने तो सोशल मीडिया पर जमकर भड़ास निकाली है। कुछ कर्मचारियों ने मस्क पर खरीदारी मूल्य कम करने के लिए उठाया गया कदम बताया तो कुछ ने धोखा देने का आरोप लगाया। बता दें कि शनिवार को मस्क की टीम ने एक पत्र में 44 अरब अमरीकी डालर के ट्विटर खरीद सौदे को समाप्त करने की घोषणा की। मस्क ने खरीद समझौते के तहत कई उल्लंघनों के कारण सौदे को स्थगित करने का फैसला किया। ट्विटर बोर्ड के अध्यक्ष ब्रेट टेलर ने एक ट्वीट में कहा कि ट्विटर बोर्ड एलन मस्क के साथ सहमत कीमत और शर्तों पर लेनदेन को बंद करने के लिए प्रतिबद्ध है ।

## ऋषि सुनक ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के इस्तीफे के बाद नए पीएम की दौड़ तेज हो गई है। जॉनसन की कैबिनेट से इस्तीफा देने वाले भारतवंशी ऋषि सुनक ने भी शुक्रवार को आधिकारिक रूप से दावेदारी पेश की है। उन्होंने वीडियो जारी कर कहा कि ब्रिटेन की एकजुटता और अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सभी को प्रयास करने होंगे। सुनक ने कहा कि ब्रिटेन का नया नेतृत्व देशभक्ति, सभी को समान अवसर और साझा परिश्रम पर आधारित होगा। वीडियो में अपने परिवारिक बैकग्राउंड का भी जिक्र किया। वीडियो को 'रेडी फॉर ऋषि' का नाम दिया है। क्क्रूपद के लिए कंजर्वेटिव पार्टी के करीब एक दर्जन उम्मीदवार सामने आ चुके हैं। सूत्रों के अनुसार विदेशमंत्री लिज ट्रस भी शनिवार को आधिकारिक रूप से अपनी दावेदारी पेश करेंगी।



## शराबबंदी को लेकर फिर मुखर उमा भारती, भोपाल में पैदल मार्च निकालने की तैयारी

**भोपाल, यशभारत।** पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती शराबबंदी को लेकर एक बार फिर मुखर हो उठी हैं और उन्होंने अक्टूबर में गांधी जयंती से नई शराबनीति में संशोधन और अहाते बंद करने को लेकर आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया है। उमा ने ट्वीट के जरिए यह जानकारी दी कि वह शराबबंदी की मांग को लेकर भोपाल में गांधी जयंती पर महिलाओं के साथ मार्च करेंगी। उन्?होंने अपने इस अभियान में उन सभी लोगों से साथ आने की अपील की है, जो किसी राजनीतिक दल में शामिल नहीं हैं।उमा भारती ने एक के बाद एक कई ट्वीट किए और कहा कि 10 जुलाई को देवशयनी एकादशी आएगी, सूर्य उसके बाद दक्षिणायन हो जाएंगें। इसीलिए आज ही मैं अपनी बात कहूंगी। मध्यप्रदेश में नशामुक्ति (जिसमें शराब बंदी भी शामिल है) अभियान भाजपा का ही वादा है एवं मैं उसी का अनुसरण कर रही हूं। मैं भाजपा की एक समर्थ एवं निष्ठावान कार्यकर्ता हूं, इसीलिए मैंने अधिकतर पंचायत एवं निगम चुनाव हो जाने दिए। इस बीच मैं मौन रही। अब मेरी सबसे अपील है कि कोई दुविधा में न रहे, सब अपनी-अपनी जगह पर रहकर ही इस के लिए अपनी सामर्थ्य अनुसार ही काम करें। मैं एक बहुत बड़ी कठिनाई का समाधान कर रही हूं। आज से अक्टूबर तक मैं इस अभियान में उनको अपने साथ आने के लिए कहूंगी। जो किसी पार्टी के कार्यकर्ता, पदाधिकारी या अन्य किसी पद पर नहीं हैं। फिर अक्टूबर में गांधी जयंती पर भोपाल की सड़कों पर मैं महिलाओं के साथ इस राक्षस जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ मार्च करूंगी।

## विवेक कृष्ण तन्खा ने पुन: ली राज्यसभा सदस्य की शपथ



**नई दिल्ली,यशभारत।** विवेक कृष्ण तन्खा को शुक्रवार को संसद भवन में पीठासीन सभापति, उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू द्वारा उनके मध्यप्रदेश से पुन: राज्यसभा में 6 वर्षो हेतु चयनित होने पर शपथ दिलाई गयी। श्री तन्खा का पहले 6 वर्षों का कार्यकाल 30 जून 2022 की समाप्ति से पहले उन्हें पुन: मध्यप्रदेश के कोटे से कांग्रेस द्वारा राज्यसभा हेतु मनोनीत किया गया था। शपथ लेने के पश्चात् श्री तन्खा ने कहा कि श्रीमती सोनिया गाँधी , राहुल गाँधी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश कमलनाथ द्वारा उनके पहले कार्यकाल की सफलता के उपरांत उन्हें एक बार फिर से राज्यसभा सांसद की जो जिम्मेदारी सौंपी गयी है वे उस पर दोगुनी ताकत के साथ कार्य करते हुए समाज और देशहित के कार्य करते रहेंगे। श्री तन्खा के राज्यसभा सांसद मनोनीत होने पर पूरे मध्यप्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नए उत्साह का उदय हुआ है। उन्हें पूरे देश और जबलपुर के गणमान्य नागरिकों द्वारा इस सफलता हेतु बधाईयाँ प्रेषित की गयी हैं।


### मिर्ची बाबा के बिगड़े बोल काली मां पर विवादित

### फिल्म बनाने वाले का सिर काट कर कोई लाता है,तो उसे 20 लाख दूंगा

**भोपाल,यशभारत।** मां काली पर टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा की टिप्पणी व मां काली डाक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता मणिमेकलाई लीना के विवादित पोस्टर पर वैराग्यानंद गिरी महाराज (मिर्ची बाबा)ने भी आपत्ति जताई है। मिर्ची बाबा एक धार्मिक कार्यक्रम में भोपाल से नोएडा गए हुए हैं। उन्होंने शुक्रवार को नोएडा में मीडिया से कहा कि काली मां जो पोस्टर बनाया है, उससे मां को अपमानित किया गया है। ऐसे निर्देशकों व निर्माताओं का जो सिर काट कर लाता हूं, उसे पंचायती निरंजनी आखड़े का महामंडलेश्वर के नाते 20 लाख रुपये ईनाम दूंगा।

## सागर में छात्रावास में निकला 12 फीट लंबा अजगर

### बिल्ली को निगलकर टॉयलेट में कुंडली मारकर बैठा था, पकड़ने के बाद उगला



**सागर यशभारत।** सागर के तिली क्षेत्र स्थित शासकीय आदिवासी बालक छात्रावास में शुक्रवार को अजगर सांप घुस गया। सांप छात्रावास की टॉयलेट में कुंडली मारकर बैठा था। अजगर ने बिल्ली को निगल रखा था। जिसे देखकर छात्रावास प्रबंधन ने सांप पक ?ने में एक्सपर्ट अकील बाबा को सूचना दी। खबर मिलते ही अकील तुरंत असद खान के साथ मौके पर पहुंचे। अजगर को पकड़ने के लिए रेस्क्यू शुरू किया। करीब 15 से 20 मिनट की मशक्कत के बाद अजगर को पकड़ लिया गया। अजगर ने कुछ निगल रखा था। जैसे ही उसे पकड़ा और जमीन पर छोड़ा तो उसने मृत बिल्ली को उगल दिया। स्नेक कैचर अकील बाबा ने बताया कि छात्रावास से पकड़ा गया अजगर करीब 12 फीट लंबा है। उसने बिल्ली को निगल रखा था। अजगर को पक ?कर वन विभाग के हवाले किया गया है। जहां से उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ा जाएगा। अकील ने कहा कि पहले भी इस क्षेत्र में अजगर सांप निकलते रहे हैं।

### लॉकडाउन में एक ही घर में प्यार-शादी

### कहीं सरकारी लाभ के लिए उठाया ऐसा कदम

## बहन ने भाई से की शादी सांप जैसा बच्चा हुआ पैदा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** उज्बेकिस्तान से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक भाई और बहन ने आपस में शादी कर ली। जो बच्चा पैदा हुआ वह बेहद अजीबो-गरीब था। उसके शरीर में सांप जैसी धारियां और मछली की त्वचा वाले धब्बे थे। बच्चा कुछ देर बाद मर गया। बताया जा रहा है कि महिला को पहले से एक बच्चा था, जो अब भी जिंदा और स्वस्थ हैं, मगर यह बच्चा उसके भाई से नहीं बल्कि, पहले पति से पैदा हुआ था। बाद में पहला पति छोड़ गया, तो उसने भाई से शादी रचा ली। मगर इस बार जो बच्चा हुआ, वह तमाम विकारों के साथ पैदा हुआ था।

बच्चे के शरीर पर सांप जैसी धारियों के निशान



ब्रिटिश वेबसाइट मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, उज्बेकिस्तान के डस्टिक प्रांत में एक भाई और बहन ने आपस में शादी कर ली। बाद में लड़की ने अस्पताल में बेटे को जन्म दिया। यह बच्चा ऐसा अजीबो-गरीब था कि ऑपरेशन थिएटर में जिसने भी उसे देखा, पहली बार में डर गया। उसे छूने में भी अस्पताल के कर्मचारी डर रहे थे। इस बच्चे को बहुत सी बीमारियां थीं। उसके शरीर पर सांप जैसी धारियों के निशान थे। इसके अलावा, उनकी त्वचा खुरदरी थी और मछली की त्वचा पर जैसे धब्बे होते हैं, वैसे बने हुए थे।

### बच्चे की त्वचा पर अजीबो-गरीब निशान

डॉक्टरों के अनुसार, बच्चे को इश्थ्योसिस कॉग्नेशिया नाम की बीमारी थी, जो दुर्लभ है। इसमें त्वचा खुरदरी हो जाती है और शरीर पर अजीब से धब्बे बन जाते हैं, जो चकत्तों की वजह से होते हैं। यह चकत्ते लगातार निकलते रहते हैं। कई शारीरिक परेशानियों की वजह से बच्चा ज्यादा समय तक जिंदा नहीं रह पाता।

## उद्धव ठाकरे को माफिया, बताने पर भड़के एकनाथ शिंदे गुट के विधायक

### भाजपा नेता ने किया था ट्वीट



**मुंबई,एजेंसी।** उद्धव ठाकरे पर बीजेपी नेता किरीट सोमैया के तीखे हमले को लेकर एकनाथ शिंदे खेमे और बीजेपी के बीच दरार आ गई है। शिंदे खेमे के प्रवक्ता दीपक केसरकर और बुलढाणा के विधायक संजय गायकवाड़ ने सोमैया पर तंज कसते हुए भाजपा से ठाकरे को निशाना न बनाने की चेतावनी देने को कहा। गायकवाड़ ने कहा कि उन्हें सरकार की परवाह नहीं है, लेकिन ठाकरे के खिलाफ किसी भी व्यक्तिगत हमले को बर्दाश्त नहीं करेंगे। केसरकर और गायकवाड़ सोमैया के उस ट्वीट पर भड़क गए थे जिसमें उन्होंने कहा था, रिक्शावाला के सीएम एकनाथ शिंदे से आज मंत्रालय में नील सोमैया ने मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। माफिया सीएम को बदलने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। शिंदे खेमे के प्रवक्ता केसरकर ने कहा, च्हम सोमैया द्वारा उद्धव ठाकरे के खिलाफ इस्तेमाल किए गए शब्दों से सहमत नहीं हैं। ऐसे शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

## जबलपुर संभाग कमिश्नर का ऐतिहासिक फैसला

# कोर्ट में पक्षकार-वकील और पीठासीन अधिकारी के लिए एक सी कुर्सी

**जबलपुर यशभारत।** संभाग कमिश्नर का ऐतिहासिक फैसला लिया है। ब्रिटिश काल की व्यवस्था में बदलाव करते हुए कमिश्नर ने कोर्ट की बैठक व्यवस्था बदल दी है। दरअसल अब पक्षकार-वकील सहित पीठासीन अधिकारी एक सामान बैठ सकेंगे। कोर्ट रूम में नया नवाचान सबके पंसद बन गया है। संभाग के संभागायुक्त बी.चंद्रशेखर द्वारा नवीन पहल करते हुए अपने न्यायालय के स्वरूप बदलकर उसे 'क्वालिटी बीफॉर लॉ ' अर्थात कानून के सामने सब समान है इस संवैधानिक सिद्धांत की चरितार्थ किया गया है। यह प्रदेश का इस तरह का पहला संभवत:देश का भी एकमात्र उदाहरण है। हमारे देश में सभी प्रकार के न्यायालयों में एक विशिष्ट प्रकार की बैठक व्यवस्था होती है। चाहे वह सिविल न्यायालय हो, दाण्डिक न्यायालय हो या राजस्व न्यायालय हो, सभी न्यायालयों में पीठासीन अधिकारी एक उच्च स्थान पर बैठते हैं और पक्षकार, वकील, आदि निचले स्तर पर बैठते हैं। साथ ही पक्षकारों को एवं वकीलों को खड़े रहकर ही अपनी बात रखनी होती है। कभी-कभी



### ब्रिटिश व्यवस्था को बदला

साक्ष्यों के परीक्षण, प्रतिपरीक्षण या बहस के दौरान वकीलों को घंटों खड़े रहना पड़ता है। विशेषकर बुजुर्ग पक्षकार एवं वकीलों के लिए यह कठिन होता है। किसी न्यायालय के पीठासीन अधिकारी को एक उच्च स्थान पर बैठने एवं पक्षकारों या वकीलों को निचले स्थान पर बैठने या खड़े रहकर पैरवी करने का प्रावधान किसी कानून में नहीं है। फिर भी साम्राज्यवादी एवं उपनिवेशवादी ब्रिटिश व्यवस्था के समय से एवं उसके पूर्व से भी इस प्रकार की असमान व्यवस्था न्यायालयों में चली आ रही है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 विधिक समानता 'क्वालिटी बी फॉर लॉ ' का सिद्धांत देता है और प्रत्येक व्यक्ति को यह बुनियादी अधिकार के रूप में प्रदत्त करता है। न्यायालयों की वर्तमान बैठक व्यवस्था विधिक समानता के सिद्धांत के अनुकूल प्रतीत नहीं होती। हमारे न्यायालय विधि एवं न्याय के रखवाले हैं और उन पर यह दायित्व है कि वह इस विधिक समानता के सिद्धांत को लागू करें एवं प्रत्येक व्यक्ति के इस बुनियादी अधिकार का बनाये रखें। इस संदर्भ में कमिश्नर चन्द्रशेखर द्वारा उनके न्यायालय जो भिन्न-भिन्न कानूनों के तहत राजस्व एवं दाण्डिक न्यायालय है की संपूर्ण बैठक व्यवस्था को बदल दिया गया है। उनके न्यायालय में सभी पक्ष एक ही स्तर पर बैठते हैं। अर्थात पीठासीन अधिकारी के उच्च स्थान को हटाकर अब पीठसीन अधिकारी, पक्षकार एवं वकील आदि एक ही स्तर पर बैठते हैं। साथ ही उनके न्यायालय में किसी पक्षकार या वकील को खड़े रहकर अपनी बात रखने की आवश्यकता नहीं है। वे एक ही स्तर पर पीठासीन अधिकारी के समक्ष रखी गई कुर्सियों पर बैठकर अपनी बात रखते हैं। श्री चन्द्रशेखर कहते है कि हो सकता है इसे मात्र प्रतीकात्मक समानता माना जाए परन्तु प्रतीकात्मक होते हुए भी यह महत्वपूर्ण है।


## भगवान जगन्नाथ कल वापस लौटेंगे अपने घर

# सिटी बंगाली क्लब से शाम को निकलेगी वापसी रथ यात्रा

**जबलपुर,यशभारत।**भगवान जगन्नाथ बलभद्र सुभद्रा को रथ यात्रा के माध्यम से शहरवासियों को दर्शन लाभ के बाद मौसी के घर लाया गया था जहां भक्तजनों द्वारा उनकी सेवा की जा रही है सिटी बंगाली क्लब में रोजाना भगवान को विभिन्न प्रकार के व्यंजन प्रसाद के रूप में चढ़ाया जा रहा है परंपरा के अनुसार भगवान जगन्नाथ को उनके घर मंदिर पहुंचाने के लिए वापसी रथ यात्रा शनिवार को सिटी बंगाली क्लब मौसी के घर से सायं 5 बजे निकाली जाएगी इस यात्रा को सम्पूर्ण रथ यात्रा भी कहते है ।वापसी रथ यात्रा करमचंद चौक तुलाराम चौक अंधरदेव बड़ा फुहारा घमंडी चौक लार्डगंज सुपर मार्केट मालवीय चौक होते हुए जगन्नाथ मंदिर सिटी बंगाली क्लब तक निकली जायेगी।

# ईदुलजुहा कल, महंगे मिल रहे कुर्बानी के बकरे

**जबलपुर,यशभारत।** मुस्लिम धर्मावलंबियों का प्रमुख पर्व ईदुलजुहा बकरीद 10 जुलाई को परंपरागत आस्था और उत्साह के साथ मनाया जायेगा। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में ईदुलजुहा की जोरदार तैयारियां की जा रही है। ईद के मौके पर ईदगाह कला रानीताल में प्रात: 10.30 बजे ईदुलजुहा की नमाज अदा की जायेगी। मोमिन ईदगाह गोहलपुर, ईदगाह सदर तथा गढ़ा ईदगाह में प्रात: 10 बजे ईदुल जुहा की नमाज अदा की जायेगी। ईदुलजुहा कुर्बानी का पर्व है। बकरीद के मौके पर मुस्लिम धर्मावलंबियों बकरों की कुर्बानी पेश करेंगे। नालबंद मुहल्ला, चारखबा, बहोराबाग, नया मुहल्ला में कुर्बानी के लिए आए बकरों की कीमतों में 15 से 25 प्रतिशत की



बढ़ोत्तरी बताई जा रही है। आमतौर पर कुर्बानी के बकरों के भाव 8 से 10 हजार रुपये के बीच चल रहे हैं। ऊंची कद काठी वाले बकरों की कीमतें 15 हजार के खबर है।




# महानगर की ओर जबलपुर के बढ़ते कदम

**जबलपुर,यशभारत।** जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड चेयरमेन कलेक्टर और कार्यपालिक निदेशक एवं निगमायुक्त , सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। स्मार्ट सिटी के द्वारा सभी चुनौतियों चाहे शहर में गुणवत्तापूर्ण विकास के कार्य हों अथवा भारत सरकार द्वारा संचालित कोई राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा-प्रतियोगिता का आयोजन हो, उसमें जबलपुर स्मार्ट सिटी के द्वारा पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक कार्य किया जाकर अवार्ड पाने का लगातार कीर्तिमान स्थापित किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में जबलपुर स्मार्ट सिटी के द्वारा इंडया साइकिल फॉर चेन्ज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्पेशल मेंशन अवार्ड पाकर जबलपुर स्मार्ट सिटी के साथ-साथ संस्कारधानी जबलपुर का भी गौरव बढ़ाया गया है। स्मार्ट सिटी जबलपुर को प्राप्त पुरस्कार के संबंध में सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत एवं सहायक आयुक्त संभव अयाची ने बताया कि आज भारत सरकार द्वारा बैंगलोर में आयोजित कार्यशाला में जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को ''इंडिया साइकिल फॉर चेन्ज'' में स्पेशल मेंशन अवार्ड से स्मार्ट सिटी के मिशन डायरेक्टर राहुल कपूर द्वारा सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार और सम्मान के लिए कलेक्टर , निगमायुक्त एवं स्मार्ट सिटी सी.ई.ओ. द्वारा सभी सम्मानीय शहर वासियों को बधाई दी गई है। बैंगलोर में आयोजित समारोह के दौरान स्मार्ट सिटी जबलपुर की ओर से यह अवार्ड सहायक अर्बन प्लानर अर्पित नेमा एवं ई गवर्नेंस मैनेजर गजेंद्र सिंह ने प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि जबलपुर स्मार्ट सिटी के द्वारा शहर में ब? पैमाने पर सभी वर्गो के लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास के कार्य कराये जा रहे हैं। कला प्रेमियों के लिए सर्वसुविधायुक्त थियेटर-संस्कृति भवन का निर्माण, खिलाड़ियों के लिए मल्टीस्पोर्टस काम्पलेक्स का निर्माण, सुन्दर सुव्यवस्थित फुटपाथों का निर्माण, पर्यावरण संरक्षण के लिए तालाबों का सौन्दर्यीकरण, गहरीकरण, शहर के सभी सम्मानीय नागरिकों के लिए स्मार्ट सड़कों का निर्माण, के साथ-साथ पौधारोपण एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्य प्राथमिकता से किये जा रहे हैं, जिसका लाभ भी शहर के नागरिकों को शीघ्र मिलेगा और शहर महानगर के स्वरूप में दिखाई देगा।

**बैंगलोर में आयोजित कार्यशाला में जबलपुर स्मार्ट सिटी को मिला, एक और अवार्ड**

## देवशयनी एकादशी कल

# मांगलिक कार्यों पर लगेगा चार महीने के लिए ब्रेक

**जबलपुर,यशभारत।** आषाढ़ माह के शुक्लपक्ष की एकादशी तिथि 10 जुलाई को भगवान विष्णु इन चार माह के लिए विश्राम के लिए चले जाएंगे। उनकी जगह भगवान शिव उनका कार्यभार संभालेंगे। मान्यता है कि इन चार महीनों में कोई भी शुभ या मांगलिक कार्य जैसे शादी विवाह, गृह प्रवेश, यज्ञोपवीत आदि पर अगले चार मास तक के लिए विराम लग जाता है। इसके साथ ही इसी दिन से सन्यासी लोगों का चातुर्मास व्रत भी आरम्भ होंगे। साधु-संत, तपस्वी इस दौरान एक ही स्थान पर रहकर तप, साधना, स्वाध्याय व प्रवचन आदि करते हैं। 10 जुलाई से 24 नवंबर तक शादी विवाह, गृह प्रवेश,



व्यापारिक प्रतिष्ठानों का शुभारंभ सहित विभिन्न मांगलिक कार्य बंद हो जाएंगे। इन चतुर्मास के दौरान भजन, पूजन, व्रत, नियम संयम सहित भागवत कथा शुरू हो जाएंगी। 4 नवंबर को देव प्रबोधिनी एकादशी है। इस दिन से मांगलिक कार्यक्रम शुरू होने की परंपरा है, लेकिन इस बार देव प्रबोधिनी एकादशी के बाद भी 24 नवंबर तक शुक्र अस्त चलेगा। ऐसे में इसके बाद ही पंचांग के मुताबिक मांगलिक कार्यक्रम शुरू हो सकेंगे।

### देवशयनी एकादशी शुभ मुहूर्त

एकादशी तिथि का प्रारम्भ 9 जुलाई शाम 04 बजकर 39 मिनट पर होगा और एकादशी तिथि की समाप्ति 10 जुलाई को दोपहर 02 बजकर 13 मिनट पर होगी। पारण का समय 11 जुलाई सुबह 5 बजकर 56 मिनट से लेकर 8 बजकर 36 मिनट तक रहेगा। माना जाता है कि इस दिन व्रत रखने से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। इस दिन भगवान विष्णु की पूरे विधि -विधान के साथ पूजा की जाती है।

# भविष्य निधि कार्यालय में निधि आपके निकट शिविर का आयोजन

**जबलपुर,यशभारत।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर के अंतर्गत व्याप्त निजी संस्थानों के नियोक्ताओं, भविष्य निधि सदस्यों तथा पेंषनरों की समस्याओं एवं शिकायतों का निराकरण किये जाने के लिये क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त- राकेष सहरावत की अध्यक्षता में सोमवार को प्रात: 11 बजे से 1 बजे तक क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय, जबलपुर में ''निधि आपके निकट'' (प्रात: 11 बजे से अपराह्न 12 बजे तक) एवं ''पेंशन अदालत'' (अपराह्न 12 बजे से दोपहर 1 बजे तक) का आयोजन किया जा रहा है। कर्मचारी भविष्य निधि के सदस्य, पेंषनर एवं नियोक्ता अपनी षिकायतों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर या डाक द्वारा या ई-मेल तवण्ग्रइंसचनत /मचपिदकपं ण्हवअण्पद पर दे सकते हैं। भविष्य निधि सदस्यों/नियोक्ताओं से अनुरोध है कि वे डाक अथवा ई-मेल के माध्यम से अपनी शिकायत भेजते समय लिफाफे के ऊपर अथवा ई मेल के सबजेक्ट (विषय) पर ''निधि आपके निकट'' अथवा ''पेंशन अदालत'' जरूर लिखें ताकि उनके प्रकरणों को तदानुसार ''निधि आपके निकट'' अथवा ''पेंशन अदालत'' में शामिल किया जा सके एवं उनका निपटारा किया जा सके।



# श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना की 600 मेगावाट क्षमता की

## यूनिट क्रमांक एक ने 230 दिन निर्बाध विद्युत उत्पादन का रचा नया इतिहास

**जबलपुर,रयशभारत।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना की 600 मेगावाट क्षमता की यूनिट क्रमांक एक ने पुराने सभी रिकार्डों को तोड़ते हुए नया इतिहास रचा। यह यूनिट लगातार 230 दिन से निर्बाध बिजली उत्पादन कर रही है। यह इकाई 19 नवम्बर 2021 से निर्बाध व सतत् रूप से विद्युत उत्पादन कर रही है। मालूम हो यह यूनिट फरवरी 2014 को क्रियाशील हुई थी। इससे पूर्व वर्ष 2008-09 में पावर जनरेटिंग कंपनी की सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की 62.5 मेगावाट क्षमता की इकाई क्रमांक 2 ने 205 दिन लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड कायम किया था। श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना के सभी अभियंताओं व कार्मिकों द्वारा एक कार्य योजना बना कर इस लक्ष्य को अर्जित किया गया। इससे पूर्व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की 250 मेगावाट क्षमता की इकाई क्रमांक 11 ने 202 दिनों तक लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया था। पावर जनरेटिंग कंपनी की सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की 250 मेगावाट क्षमता की इकाई क्रमांक 10 और संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर की 210 मेगावाट क्षमता की इकाई क्रमांक चार क्रमश: लगातार 186 एवं 130 दिनों का विद्युत उत्पादन करने का कीर्तिमान बना चुकी हैं।

# सच्ची श्रद्धा हृदय की भावना का प्राकट्य है :चैतन्यानंद

**जबलपुर,यशभारत।** बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर श्री मद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तृतीय दिवस में ब्रह्मचारी चैतन्यानंदजी महाराज ने ध्रुव चरित्र की व्याख्या करते हुए बताया कि सच्ची श्रद्धा से भगवान् का स्मरण भगवान् को अपने भक्त से मिलने के लिए विह्वल कर देता है । संस्कार संतान को मां से प्राप्त होते हैं ।सुनीति ने सुरुचि के अपमान को भी अपने पुत्र ध्रुव के समक्ष सम्मान में निरूपित किया तथा भगवत प्राप्ति हेतु पुत्र को नारदजी जैसे सद्गुरु के माध्यम से भगवान् के सन्निकट पहुँचा दिया नाम महिमा के माध्यम से अजामिल के चरित्र का वर्णन किया तथा श्री मद्भागवत भक्तों के चरित्रों का गान है ।यही श्री मद्भागवत का वैशिष्ट्य है । आज अभिजात कृष्ण त्रिपाठी राजेश शुक्ला आशुतोष दीक्षित महेश गुप्ता श्रीमती उर्मिला पांडे श्रीमती वंदना ठाकुर श्रीमती मनोरमा खरे विनोद विनोचा मनीष पांडे आदि भक्तगणों ने श्रीमद् भागवत कथा एवं व्यासपीठ का पूजन किया।

# उत्पादन की चिंता छोड़ नाश्ते में उलझे व्हीएफजे नेता


**जबलपुर यशभारत।**व्हीकल फैक्टरी में बीते साल केअभी तक करीब डेढ़ हजार वाहनों का निर्माण बाकी है।अगले साल में कितना उत्पादन लक्ष्य हो यह अभी तय नहीं है।कायदे कर्मचारियों के हितों के लिए चिंतित रहते हुए अगले उत्पादन लक्ष्य के लिए प्रबंधन से चर्चा कर बात करना चाहिए।लेकिन अब यूनियनों के नेता ऐसे गंभीर मुद्दे को छोड़ आपस में कर्मचारियों के नाश्ता खाना के लिए लड़ रहे हैं।यद्यपि यह भी सही है कि कार्य के दौरान निर्माणी प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के लिए खाने की केंटीन से सुलभ व्यवस्था करना चाहिए।लेकिन कुछ दिनों से केंटीन व्यवस्था गड़बड़ाई है।जानकारी के अनुसार निर्माणी में नाश्ता लाने वाले वेन्डरों की कमी है।जिसके चलते मात्र एक वेन्डर उतने बड़े प्लांट में आ रहा है।जिसको लेकर कर्मचारियों को सुबह के समय कामधाम छोड़ कर प्लांट में एक कोने से दूसरे कोने तक दौड़ लगाना पड़ती है।इसको दो यूनियनों के नेताओं ने प्लांट के वेन्डर को दूसरी जगह खड़ा किया ताकि अधिक से अधिक कर्मचारी को लाभ मिले।इस पर दो अन्य यूनियन के नेता वेन्डर को पूर्व नियत स्थान पर खड़े होने के लिए दबाव बनाया जिस पर यूनियन नेताओं आपस में ही उलझने लगे। इस संबंध में केंटीन के अधिकारी का कहना है कि अभी वेन्डरों की कमी है।जिसे जल्दी पूरा कर दिया जाएगा।ज्ञात हो कि पहले उक्त प्लांट में करीब एक दर्जन वेन्डर होते थे।लेकिन सेवानिवृतियों के साथ वेन्डरों की संख्या भी कम होती चली गई।अब केंटीन को ठेका कर्मियों से चलाया जा रहा है।निर्माणी प्रबंधन ने कर्मचारियों के अनुपात में वेन्डरों की संख्या में कटौती कर दी है।लेकिन व्यवहारिक रूप से कर्मचारी भले ही कम हो गए हैं।लेकिन वे दूर अनुभागों में तैनात हैं।ऐसे में कम वेन्डरों की संख्या से कर्मचारियों को मिलने वाले नाश्ता खाद्य सामग्री के लिए परेशानी उठना पड़ रही है।

**अगले साल का उत्पादन लक्ष्य अभी तक घोषित नहीं**

# अगले तीन दिन झमाझम बारिश के संकेत

**जबलपुर,यशभारत।** मानसूनी सिस्टम बना हुआ है। जबलपुर सहित संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ आज बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 10 जुलाई से 13 जुलाई तक जोरदार बारिश होगी।

वर्तमान में दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान के ऊपर चक्रवातीय परिसंचरण* समुद्र तल से 2.1 किमी की ऊँचाई तक सक्रिय है। मॉनसून ट्रफ जैसलमेर-कोटा, जबलपुर, पेन्ड्रा रोड और कलिंगपट्टनम से होते हुए पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक विस्तृत है। वहीं पश्चिमोत्तर बंगाल की खाड़ी में ओड़ीशा-आंध्र प्रदेश के तट के पास चक्रवातीय परिसंचरण समुद्र तल से 7.6 किमी की ऊँचाई तक सक्रिय है। जबकि गुजरात से कर्नाटक तट के समांतर *अपततीय ट्रफ विस्तृत है। साथ ही 19 डिग्री उत्तर अक्षांश के सहारे पठारी क्षेत्र के उत्तरी हिस्से में मध्य क्षोभमंडल के स्तर पर पूर्व से पश्चिम *विरूपक हवाएँ सक्रिय हैं। ये वर्षा कारक हैं। शनिवार को भी सूरज की तपन ने लोगों को और परेशान किया। उमस की वजह से लोग दिनभर पसीने से तर-बतर रहे। दो दिन पहले शहर में हुई बारिश से आषाढ़ माह में मानसून सीजन में होने वाली बरसात का आंकड़ा 14 इंच के पार कर चुका है। मौसम के जानकारों का कहना है कि शुक्रवार को अधिकतम तापमान 34.2 रहा, जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस ज्यादा था। वहीं न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहा।



इसके असर से जबलपुर सहित संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें और कहीं-कहीं बिजली गिरने की संभावना है। मानसून के चलते सीजन अब तक 368 मिलीमीटर यानी करीब 14.4 इंच बारिश हो चुकी है। गत वर्ष आज के दिन तक 195 .3 मिलीमीटर यानी 6.5 इंच बारिश हुई थी। इस हिसाब से इस सीजन करीब आठ इंच ज्यादा बारिश हो चुकी है। आने वाले दो दिन में बारिश होने की संभावना है, जिससे लोगों को उमस से थोड़ी राहत मिलेगी।

# म्युनिशन इंडिया लि.में परामर्श रचना तंत्र का गठन

**जबलपुर, यशभारत,** ।1अक्टूबर को गठित सात निगमों में से एक म्युनिशन इंडिया लिमिटेड जिसके तहत शहर की आयुध निर्माणी खमरिया आती है के (कन्सलटेंशन मेकेनिज्म) परामर्श रचना तंत्र का गठन किया गया है।जिसके गठन की घोषणा विगत6जुलाई को कर दी गई।उक्त समिति के पदेन अध्यक्ष रविकांत सीएमडी म्युनिशन इंडिया लिमिटेड हैं।जिसमें कर्मचारियों की ओर खमरिया के रूपेश पाठक के साथ एम आई एल में शामिल अन्य आयुध निर्माणियों की ओर से एन दिलीप कुमार राजेश यादव अभिनंदन चौधरी ध्यानेश्वर यादव सदानंद गुप्ता तीन आईएनडीडब्लूएफ और तीन बीपीएमएस के प्रतिनिधियों के साथ वर्ग (दो) राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन के आर सी पेन्डे जय गोपाल सिंह और पंकज सोनवाने को शामिल किया गया है।जबकि निगम की ओर से तीन मानव संसाधन अधिकारी के साथ दो निर्माणियों के महाप्रबंधकों को शामिल किया गया है।परामर्श तंत्र से एआईडीईएफ और सिड्रा बाहर है।उन्होंने अपने प्रतिनिधि नहीं भेजे हैं।दोनों संगठनों का कहना है कि परामर्श तंत्र का दायरा सीमित कर दिया है वहीं महासंघों से शर्तों के साथ निगम ने प्रतिनिधित्व मांगा था।एआईडीईएफ और सिड्रा के महामंत्री अजय ने इस संबंध में रक्षामंत्री और निगम के सीएमडी को पत्र लिखा है।जिसका उत्तर प्रतीक्षित है।

**अधिकारों और मनोनयन पर मतभेद से दो महासंघ बाहर**

# जारी किये जाए कर्मचारियों के स्थायीकरण के आदेश प्रतिवर्ष- मांग

**जबलपुर,यशभारत।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संघ ने मांग कर है कि कर्मचारियों के स्थायीकरण के आदेश प्रतिवर्ष जारी किये जाएं। जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मॉर्टिन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार की विभिन्न विभागों मे कार्यरत कर्मचारी के कई वर्षों से स्थाईकरण के आदेश जारी नहीं किये जा रहे हैं, जिन्हें प्रतिवर्ष जारी किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री से अपील है की विभिन्न विभागों मे कार्यरत कर्मचारियों के स्थाईकरण के आदेश जारी किये जाने हेतु विभागों को निर्देशित किये जाने का कष्ट करें। मांग करने वालों में स्टेनली नॉर्बट दिलीप सिंह ठाकुर, हेमंत ठाकरे, शहीर मुमताज,राकेश श्रीवास,क्रिस्टोफर नरोन्हा, सुधीर पॉवेल,रॉबर्ट फ्रांसिस, आर पी खनाल, एस. बी. रजक, संतोष चौरसिया,राजकुमार यादव, आदि शामिल हैं।




# पिता-दादाजी के गानों को सुनकर लगाव हुआ और गायिका बन गई :मैथली ठाकुर

**जबलपुर, यशभारत। कहते हैं कि कला किसी उम्र की मोहताज नहीं होती, ये वो सौगात है जो हर किसी के पास नहीं होती। सोशल मीडिया स्टार के तौर पर अपने सुरों और अपनी बुलंद आवाज के साथ लाखों-करोड़ों दिलों पर राज करने वाली मैथिली ठाकुर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि उनके परिवार में उनके पिताजी और दादाजी शुरू से गाते रहे हैं। उनको देखकर ही वो बड़ी हुई हैं। संगीत के प्रति उनका बचपन से ही लगाव रहा है।**

## वेटरनरी कॉलेज के प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम में दी प्रस्तुति



मैथिली को उनके पिताजी से ही संगीत की शिक्षा मिली है। अभी भी उनके पिताजी मैथिली और उनके दोनों भाईयों ऋषभ ठाकुर और अयाची ठाकुर को संगीत की शिक्षा देते हैं और उनका मार्गदर्शन करते हैं। संगीत और पढ़ाई के बीच तालमेल से जुड़े सवाल पर मैथिली ने कहा कि वो इन सबके बीच पढ़ाई को लेकर कभी लापरवाह नहीं होती।

उन्होंने कहा कि हम तीनों ही पढ़ाई में अच्छे हैं। संगीत, व्लॉगिंग, फेसबुक लाइव इन सबके बीच हमारी प्राथमिकता पढ़ाई के प्रति रहती है। उन्होंने कहा कि अगर कोई बच्चा किसी दूसरी एक्स्ट्रा कैरिकुलर एक्टिविटी में अच्छा होता है तो वो पढ़ाई में भी अच्छा कर सकता है। मैथली वेटरनरी कॉलेज के स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रस्तुति देने पहुंची थी।

### केसरिया बालम आवोनी पधारो म्हारे देश रे... गाना दिल को छूता है

बिहार के मधुबनी जिले की रहने वाली 21 वर्षीय मैथली ठाकुर का कहना है कि केसरिया बालम आवोनी पधारो म्हारे देश रे... ये गाना दिल को छूता है। हमने सुना था जबलपुर को संस्कारधानी कहा जाता है आज यहां पर लोगों का और जिस कार्यक्रम (वेटरनरी के प्लेटिनम जुबली) में आई हूं उसमें यहां पर देख भी लिया। माँ नर्मदा के तट पर बसी संस्कारधानी में आकर उन्हें बहुत खुशी हो रही है।

## मेडिकल में शर्मसार करने वाली घटना

# यूडीसी कंपनी में महिला सिक्योरिटी गार्ड का वीडियो बनाकर ब्लेकमेलिंग

***जबलपुर, यशभारत। नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल अस्पताल में शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। एक महिला सिक्योरिटी गार्ड का वीडियो बनाकर दो सुपरवाइजर और एक आफीसर पर ब्लेकमेल करने का आरोप लगाया गया है। महिला ने इसकी शिकायत गढ़ा थाने और महिला थाने में दर्ज कराई है।***



महिला सिक्योरिटी गार्ड ने गढ़ा थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 20 जून को पहली मंजिल पर सिक्योरिटी अधिकारी दीपक पांडे, सुपरवाइजर अरविंद पांडे और वेंकटेस गोस्वामी ने यह कहकर बुलाया कि एक महिला परेशान कर रही है। जाकर देखा तो वहां कोई महिला परेशान नहीं कर रही थी। कुछ देर बाद दो अधिकारियों ने हाथ पकड़ लिया जबकि तीसरा सुपरवाइजर वीडियो बनाने लगा। पूछने पर कुछ भी नहीं बताया।

### डर के कारण तीन दिन ड्यूटी नहीं गई, मुझे निकाल दिया गया

पीड़िता ने महिला ने शिकायत में बताया कि अधिकारियों की हरकतों के कारण वह तीन दिन तक ड्यूटी में नहीं गई। मैंने तीनों अधिकारियों से वीडियो डीलिट करने को कहा लेकिन वह नहीं माने जिसके बाद मैंने तीनों की शिकायत हरिजन थाने में करने की धमकी दी तो मुझे रात में 12 बजे बुलाया गया और धमकी देकर लिखवाया गया कि उसने जो कहा है वह गुस्से में आकर कहा है। अधिकारियों की धमकी से डर गई और उनने जो कहा था मैंने लिख दिया। इसके बाद मुझे नौकरी से निकाल दिया गया।

### कंपनी के जिम्मेदारों का दावा झूठ बोल रही महिला

इस घटना के बाद यूडीसी कंपनी के जिम्मेदारों से बात की गई उनका कहना था कि महिला झूठ बोल रही है वह समय पर नौकरी नहीं कर रही थी इसलिए अधिकारियों ने उसे डांटा है। महिला के पास ऐसे कोई सबूत नहीं है जिसमें कहा जाए कि सुरक्षा अधिकारियों ने उसके साथ बदसलूकी की है। इधर गढ़ा थाना प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया कि महिला की शिकायत पर जांच शुरू कर दी गई है।

# 9 बस संचालकों पर एफआईआर

### चुनाव में नहीं भेजी थीं बसें, आरटीओ ने दर्ज करवाई शिकायत

**जबलपुर, यशभारत।** पंचायत व नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए बस अधिग्रहण के लिए दिए गए निदेशों का पालन नहीं करने वाले बस संचालकों पर आरटीओ संतोष पाल ने माढ़ोताल थाने में प्रकरण दर्ज कराया है। जानकारी अनुसार नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए बसों को अधिग्रहण के लिए सभी बस संचालकों को निर्देश दिए थे। लेकिन इसमें सुरेन्द्र यादव, महेश सेन, सोनू रजक, आशीष जैन, संतोष यादव, संतोष पाटकर, मो. इजराईल व गणेश जायसवाल ने बसों को उपलब्ध नहीं कराया। इन बस संचालकों ने कलेक्टर के निर्देश का उल्लंघन किया।

# भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सहित 30 के खिलाफ ग्वारीघाट थाने में एफआईआर

## आचार संहिता का उल्लघंन करने पर धारा 188 की कार्यवाई

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर में निकाय चुनाव के दौरान लगी आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में ग्वारीघाट थाना पुलिस ने 30 लोगों पर एफ्आईआर दर्ज की है। मामला चुनाव के 1 दिन पहले का हैं। ग्वारीघाट थाना क्षेत्र में बिना अनुमति के रैली निकालने पर पुलिस ने भारतीय जनता युवा मोचाज़् के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह सहित 30 कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफ्आईआर दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि वह उन सभी लोगों की खोजबीन कर रही है। जो इस रैली में शामिल हुए थे। पुलिस ने धारा 188 की कार्रवाई की गई, मामले की जांच पड़ताल जारी है।

बीजेपी ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में एक धर्म विशेष के बढ़ावा देने के लिए बात कही गई है। इसी को लेकर चुनाव के 1 दिन पहले शहर में कई जगह विरोध प्रदर्शन देखने को मिला था।

इसी सिलसिले में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए रैली का आयोजन किया था। लेकिन यह रैली उस समय निकाली गई जब शहर में आचार संहिता लगी हुई थी। रैली निकालने के लिए किसी तरह की कोई परमिशन भी नहीं ली गई थी। रैली के दौरान शहर में करीब 2 घंटे तक सड़कों पर यूं ही प्रदशज़्न चलता रहा। जिसकी लिखित शिकायत तहसीलदार ने थाने में की और तब जाकर पुलिस ने 30 लोगों एफ्आईआर दर्ज की है।



### क्या है पूरा मामला

नगरीय निकाय चुनाव की वोटिंग के ठीक एक दिन पहले संकल्प पत्र को लेकर खूब सियासत की गई है। जबलपुर से कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी जगत बहादुर अन्नु सिंह का नकली संकल्प पत्र वायरल कर दिया गया था। जिसके बाद कांग्रेस ने ओरिजनल संकल्प पत्र दिखाते हुए उनके घोषणा पत्र से छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। कांग्रेस ने छेड़छाड़ कर नकली संकल्प पत्र वायरल करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है। इसे अपने राजनितिक विरोधियों की साजिश बताते हुए कांग्रेस आईटी सेल ने बकायदा जिला निर्वाचन कार्यालय व पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है।

# बिहार का नकली सोना जबलपुर में खपाने आए थे दो ठग

## कोतवाली पुलिस ने सराफा से गिरफ्तार किया



**जबलपुर, यशभारत। सोने की चमक जैसी ही धातू को सोने के मोल बेचने वाले बिहार के ठग गिरोह की एक महिला और शातिर ठगबाज को पुलिस ने दबोच लिया है। दोनों ही सोने-चांदी के व्यापारी की दुकान में सोना बेंचने गए थे। जब व्यापारी ने पूछताछ की तो दोनों औने-पौने दाम में माल बेंचने रजामंद हो गए। जिसके बाद व्यापारी को शक हुआ और जब उसने सोने का टंच किया तो वह नकली निकाला। जिसके बाद व्यापारी ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने महिला सहित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिनसे सख्ती से पूछताछ जारी है।**

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि जितेश सुहाने पिता उमाकांत सुहाने निवासी कमानिया गेट थाना कोतवाली ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि राजौन, बिहार निवासी धर्मेश शाह पिता गोपाल शाह और महिला संगीता बेबी उर्फ किरन बेबी उसके पास सोना बेंचने आए थे। सोना चेक करने पर करीब 40 प्रतिशत निकला, जो नकली था। दोनों उक्त सोने से संबंधित कोई रसीद भी नहीं दे सके। जिसके बाद सूचना मिलने पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### झांसे में लेकर लगाते हैं चपत

बताया जाता है कि दोनों पकड़े गए ठग बिहार से नकली सोना लाकर पूरे प्रदेश में घूम-घूमकर बेंचते है और जब तक लोगों को सच्चाई का पता लगता है तब तक बिहारी गैंग चंपत हो जाती थी। कयास लगाए जा रहे है कि दोनों ठगों ने अनेक व्यापारी और आम लोगों के साथ ठगी की है। जिनसे सख्ती से पूछताछ की जा रही है।

# स्कूल में पौधारोपण : बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



**जबलपुर,यशभारत।** सीएम राइज स्कूल अधारताल में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय परिसर में आम, इमली, जामुन, कदंब,पपीता, नीम,अशोक के साथ लगभग 175 पेड़ लगाए गए। यह प्रयास अभी आगे भी जारी रहेगा प्राचार्य प्रकाश पालीवाल ने कहा कि बढ़ते हुए प्रदूषण को नियंत्रित रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए, जिससे वातावरण स्वच्छ होगा। उप प्राचार्य अन्विता सिंह ने कहा कि जिस प्रकार जल हमारे जीवन के लिए आवश्यक है, उसी प्रकार वृक्षों के बिना हमारा जीवन सम्भव नहीं है। इसलिए हमें पेड़-पौधों को अपने घर आदि में अवश्य लगाना चाहिए। साथ ही लोगों से अपील है कि सभी लोग ज्यादा से ज्यादा हरियालीमुक्त हो रही धरा पर वृक्ष लगा कर धरती को हरियालीयुक्त बनाने में अपना सहयोग दें इस अवसर में एस बी पांडे,नसीम खान, के के पांडे,गिरीश मिश्र,मुकेश श्रीवास्तव,ए एन मिश्र,अभय सिंह,मुकेश सिंह,आदित्य वर्मा,विजय शर्मा,प्रमोद विश्वकर्मा, योगेश,अंकित एवम समस्त स्टाफ व बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

## भेड़ाघाट में बवाल

# खाने में देरी होने पर ढाबा के वेटर की कर दी धुनाई

### कहा- सम्मान में पहुंची ठेस, एफआईआर दर्ज

**जबलपुर, यशभारत।** भेड़ाघाट के तेवर में ढाबा मालिक व वेटर के साथ असामाजिक तत्वों ने देर रात मारपीट कर दी। यहां देर रात दो से तीन युवक भोजन करने ढाबा आए हुए थे। शिकायतकर्ता गुरुकृपा झारिया व किशन केवट के मुताबिक ग्राम तेवर के जितेंद्र पटेल उर्फ आचार्य अपने अन्य लड़कों के साथ देर रात ढाबा पहुंचे। और भोजन परसने की जल्दबाजी करने लगे। भोजन परसने में देरी होने के बाद जितेंद्र पटेल व उसके साथियों ने वेटर के साथ जमकर मारपीट की। मारपीट करने के बाद पास में रखे चाकू को लेकर ढाबा के मालिक के पास शिकायत लेकर पहुंचे। ढाबा मालिक को भी जान से मारने की धमकी देते हुए कहा की मेरे मान सम्मान में ठेस पहुंची है। यदि ऐसा दोबारा हुआ तो जान से मार देंगे। वहीं, विरोध करने पर वेटरों को दही की मथानी से जमकर पीटा। जिसके बाद वेटर व ढाबा मालिक घबरा गए। डर के कारण वेटर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मारपीट की घटना ढाबे में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

# संपर्क क्रांति ट्रेन में ई डिवाइस लेकर चले टिकिट निरीक्षक

**जबलपुर, यशभारत।** चलती यात्री गाड़ी में आरक्षित टिकिट की जाँच चल टिकिट निरिक्षको द्वारा आरक्षण चार्ट के स्थान पर अब आधुनिक तकनीकी की नई ई डिवाइस से की जाएगी जिससे ट्रेन में बर्थ पर नहीं पाए गए यात्री को उपलब्ध बर्थ वेटिंग लिस्ट या आर.ए.सी. टिकिट धारी को प्रदान की जाएगी . कागज चार्ट रहित इस नई ई डिवाइस रुपी हेंड हेल्ड टर्मिनल (एच.एच.टी.) की शुरुआत पश्चिम मध्य रेलवे में सर्वप्रथम जबलपुर मंडल से की गयी है अत्याधुनिक तकनीकी से परिपूर्ण इस एच.एच.टी. को जबलपुर से निजामुद्दीन तक चलने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस न. 12121 के साथ ही मंडल में प्रयोग करने के लिए डी.आर.एम. संजय विश्वास ने इसे चल टिकिट निरीक्षको को सौंप कर उन्हें आरक्षण चार्ट एवं टिकिट रशीद के स्थान पर इसे एक उपयुक्त यंत्र बताया. इस अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में श्री विश्वास ने बताया कि इसके उपयोग से टी.टी.ई. के कार्य में पूर्ण पारदर्शिता आएगी तथा ट्रेन के संचालन के दौरान खाली बर्थ का उपयोग भी रेल रिकार्ड के साथ होगा. इस एच.एच.टी. के द्वारा अब टिकिट निरीक्षक चार्ट के स्थान पर इसमें यात्री का विवरण देख सकेगे जिससे कागज की बचत के साथ ही मेन पावर की भी बचत होगी. इस डिवाइस में जाँच कर्ता द्वारा खाली बर्थ की जानकारी फीड करने से अगले स्टेशन पर उस ट्रेन में उपलब्ध खाली बर्थ को यात्री करेंट टिकिट के रूप में स्टेशन या इंटरनेट से मोबाईल द्वारा बुक कर सकेगे. पत्रकारवार्ता में अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता एवं सीनियर डी.सी.एम. श्री विश्व रंजन ने इसके उपयोग से यात्रियों को मिलने वाले लाभों की जानकारी देते हुए इसे मंडल की उपलब्धि बताते हुए मंडल को डिजिटिलाइजेशन की ओर अग्रसर बताया. पत्रकारवार्ता में श्री विश्वास सहित सभी अधिकारियो ने मंडल द्वारा प्राप्त रेल राजस्व, माल ढुलाई, भिटोनी स्टेशन के उन्नयन, टिकरिया में फुट ओवर ब्रिज के निर्माण तथा रेल पुलिस बल द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर जन जाग्रति के लिए मंडल में निकली वाहन रैली की भी जानकारी प्रदान की गयी. पत्रकारवार्ता में मंडल वाणिज्य प्रबंधक देवेश सोनी, सहायक वाणिज्य प्रबंधक पंकज दुबे भी उपस्थित थे।



## आधुनिक तकनीकी से युक्त एच एच टी से मिलेगी यात्रियों को अनेक सुविधाएं

### अंक सूची गुमी

राजमणि तिवारी उम्र 44 वर्ष निवासी नटवारा तहसील शहपुरा जिला जबलपुर जो दिनांक 03/07/2022 को जबलपुर से अपने निजी निवास घर आ रहा था मेरा बैग अचानक गुम हो जाने के कारण अंकसूची प्रथम से लेकर आचार्य तक अंकसूची रखे हुए थे एवं कुछ जरूरी दस्तावेज भी रखे हुए सभी गुम हो जाने पर मैंने शहपुरा थाना में एफ आई आर दर्ज कराई पर अभी तक कोई जानकारी नहीं है। यदि मेरा दस्तावेज और मार्कशीट किसी को भी मिले तो निम्नलिखित पते पर संपर्क करें।
राजमणि तिवारी उम्र 44 वर्ष निवासी नटवारा तहसील शहपुरा भिटोनी जिला जबलपुर


### यदि आप नौकरी पाना चाहते हैं

अपने कौशल के साथ दिये गये मोबाइल नंबर पर संपर्क करें
**9009985689, 9131406684**
योग्यता कम से कम 12 वीं पास उम्र 18 से 27 वर्ष



**M.P.POWER MANAGEMENT CO. LTD.**

**Tender Invitation**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | 592 |
| 2 | Tender Specification No | EEC/I/987 |
| 3 | Tender Type/ Mode of Tender | Form 'B' Single Envelope/ e-Tendering |
| 4 | Tender for | Replacement of existing damaged/ worn out AC pipes and fittings with PVC pipes and fittings in toilet, bath room and kitchen of NB/NBD Type and NCD Type Quarters at MPPMCL colony, Rampur, Jabalpur. |
| 5 | Bids Submission Last Date & Time | 03-AUG-2022 15:00:00 |
| 6 | Tender opening date and time | 03-AUG -2022 15:30:00 |
| 7 | Bid Fee (INR) | Rs. 560/- (with GST) |
| 8 | Earnest Money (INR) | Rs. 10,600/- |
| 9 | Eligibility of Contractor- | Registered in MPPMCL in D or above category or having experience of similar nature and quantum of work. |
| 10 | Tender Forms Available at Website | www.mppmcl.com |
| 11 | Contract No. for any other details required. | 0761-2702833 / 2702888 (Office Time) |

Note:- The due date of extension or any corrigendum will not be published in news papers and only uploaded on company's Website.

Executive Engineer(civil)I
MPPMCL, Rampur Jabalpur



**Roasted Food Junction**
न्यू शो रूम
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
फ्रुट आयटम उपलब्ध
रोस्टेट नमकीन, सत्तू, रोस्टेट ड्राई फ्रूड, बकेट टोस्ट, केला जिप्स, पीनट चिक्की, ड्राईभेज, बिस्केट, फुल्की, रोस्टेट पीनट
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201



R.O. WATER बर्फ से निर्मित
**आईस बर्फ गोला**
नीबू सोडा, शिकंजी, मसाला छाछ, लस्सी, आईसक्रीम, कोल्ड काफी, मिल्क शेक
**सांची कूल जोंन**
एकता चौक विजय नगर,मो. 7974758785



THE BEST CREATIVE LEARNING SCHOOL OF JABALPUR
**GOLDEN STAR**
A MONTESSORI SCHOOL
Play Nursery | Nursery | KG I KG II | 1st to Vth
For Details Call:
9981997833, 9981997834
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
ADMISSION OPEN 2022-23
81,Ashok Nagar,In front of Jain Mandir,Adhartal,Jabalpur(M.P.)
Ph.No.:0761-4115332,E-mail:goldnstar81gs@gmail.com



**आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर**
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
28 YEARS OF EXPERT HEALTHCARE | SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
प्लाट नं. 5, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)
24x7 Emergency & Pharmacy
Emergency No. 95758 01020
www.shalby.org

# हर पल बदल रहा मौसम, ऑक्सीजन की भी कमी...

## भोपाल के श्रद्धालु ने अमरनाथ के हालात बताए; कहा- दुकानदारों ने टेंट में दिया आसरा

**भोपाल,यशभारत। जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार शाम 5 :30 बजे अमरनाथ गुफा के पास भारी बारिश से 13 लोगों की मौत हो गई। 48 घायल हैं और 40 से ज्यादा लापता हो गए। अमरनाथ में भोपाल के श्रद्धालु भी फंसे हैं। इनमें गुलमोहर कॉलोनी निवासी विवेक कुमार यादव भी शामिल हैं। विवेक अपने दिल्ली के दोस्तों के साथ अमरनाथ गए हैं। वह शुक्रवार शाम को बादल फटने की घटना के बाद से वहीं फंसे हैं। विवेक ने बताया कि वहां के हालात नाजुक हैं। विवेक कहते हैं कि सारे टेंट फुल हो चुके हैं। सबको बोल दिया गया है कि एक साथ रहिए। कोई बाहर नहीं जाएगा। सोना नहीं है, जगते रहना है। यहां पर काफी लोग हताहत हुए हैं। विवेक ने बताया कि सभी लोगों को पंचतरणी जाने के लिए बोल दिया है, लेकिन पंचतरणी जाने का रास्ता काफी दुर्गम है। थोड़ी सी भी गलती हुई तो सीधे खाई में गिर सकते हैं।**

विवेक कहते हैं कि यहां पर दुकानदारों ने अपने टेंट में रुकने की जगह दी है। ऑक्सीजन की कमी है। इस कारण लोगों की तबीयत खराब हो रही है। दुकानदार खाने की व्यवस्था करा रहे हैं। यहां स्थिति खराब है। न कोई जा सकता है और न कोई आ सकता है। यहां हर पल मौसम बदल रहा है। हम लोग तंबू में हैं। यहां लेटने की व्यवस्था भी नहीं है। देखते हैं ये लोग कहां का रास्ता खोलते हैं। पंचतरणी का खोलते हैं और मौसम साफ होता है तो पंचतरणी जाएंगे। नहीं तो बालकोट जाएंगे।

### मप्र के 500 से ज्यादा यात्री फंसे

अमरनाथ यात्रा पर गए भोपाल के 150 और मध्यप्रदेश के 500 से ज्यादा यात्री वहां फंसे हुए हैं। भोपाल के ओम शिव शक्ति मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि भोपाल के सभी यात्री सुरक्षित हैं। वे भवन से 3 से 8 किलोमीटर की दूरी पर हैं। शेषनागर, पंचतरणी, पहलगांव और बालटाल में रुके हैं। अशोका गार्डन में रहने वाले अनिल तिवारी से भी बात हुई है। वह 15 यात्रियों के साथ शेषनाग में रुके हैं। उन्होंने बताया कि रातभर पहलगांव में बारिश हुई है। इसलिए यात्रा आगे नहीं ब? पा रही है और न ही वापस आने दिया जा रहा है।

### घटना पर सीएम शिवराज ने जताया दुख

सीएम शिवराज सिंह ने पवित्र अमरनाथ गुफा में फंसे श्रद्धालुओं की कुशलता की कामना की है। उन्होंने अमरनाथ गुफा के पास अचानक आई बाढ़ में श्रद्धालुओं की असमायिक मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति और उनके परिजन को यह गहन दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की भगवान से प्रार्थना की है।



# अतिक्रमण अमले ने पांच नंबर स्टाप पर बनी शराब दुकान तोड़ी

**भोपाल ( यश भारत )।** राजधानी में शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर निगम के अतिक्रमण अमले ने पांच नंबर बस स्टाप स्थित रविशंकर मार्केट में बनी तीन दुकानें ढहा दी। यहां शराब की दुकान संचालित की जा रही थी। इसका विरोध स्थानीय रहवासियों ने किया था। मामले की शिकायत नगरीय विकास एवं आवास विभाग को भी की गई थी। इसके बाद दुकान आवंटन की अनुमति निरस्त करते हुए तीन दिन में इसे खाली करने का नोटिस दिया गया था।सिटी प्लानर नीरज आनंद लिखार ने बताया कि रविशंकर मार्केट में पांच सौ स्वकायर फीट में बनी तीन दुकानों का निर्माण अवैध तरीके से करने की शिकायत की गई थी। इसको लेकर रहवासियों के साथ भाजपा व कांग्रेस के नेताओं ने भी यहां पर शराब दुकान का विरोध जताया था। इसके बाद नगर निगम की बिल्डिंग परमिशन शाखा ने 4 जुलाई को अजीज अहमद को नोटिस जारी कर दुकान खाली करने और अवैध निर्माध्ण को गिराने का नोटिस जारी किया गया था। जिन दुकानों को नगर निगम ने तोड़ा, वहां पर अप्रैल में शराब की दुकान शिफ्ट हुई थी। पहले दुकान मार्केट में लगती थी, लेकिन अप्रैल से रहवासी इलाके में दुकान लगाए जाने का रहवासी विरोध कर रहे थे। इसके लिए वे धरना प्रदर्शन भी कर चुके थे। हालांकि अतिक्रमण की कार्रवाई से पहले इसे खाली करा लिया गया था।

### कार्रवाई रोकने बुलडोजर के सामने खड़ी हो गई महिलाएं

दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के अतिक्रमण प्रभारी नासिर खान ने बताया कि यह दुकानें युनुस खान और अजीज अहमद को आवंटित की गई थी। इन्होंने शराब ठेकेदार को दुकान किराए पर दी थी। जब इन दुकानों को गिराने के निए निगम अमला मौके पर पहुंचा तो युनुस और अजीज के घर की महिलाएं बुलडोजर के सामने खड़ी होकर कार्रवाई का विरोध करने लगी। लेकिन वहां अतिक्रमण अमले की महिलाएं भी मौजूद थीं। इन्होंने विरोध करने वाली महिलाओं को घटना स्थल से हटाया, इसके बाद दुकानें गिरा दी गई। इस दौरान नगर निगम अमले के साथ पुलिस का बल मौजूद रहा।

# फूड फेस्टिवल में उठाएं राजस्थानी व्यंजनों का लुत्फ



**भोपाल ( यश भारत )।** भोपाल के व्यंजनप्रेमियों के लिए एमपी नगर स्थित होटल में टेस्ट आफ राजस्थान का आयोजन। 17 जुलाई तक चलेगा फूड फेसटिवल।।।में गोविंद गट्टा, जोधपुरी मिर्च बड़ा, पनीर के सूले, राजवाड़ी कोफ्ता, बीकानेरी भुजिया, प्याज कचौरी, कलमी बड़े, पापड़ पनीर, कढ़ी और बाजरे की रोटी जैसे अनेक लजीज व्यंजनों की खुशबू से एमपी नगर स्थित एक होटल में महकेगी, जहां आठ से 17 जुलाई तक टेस्ट आफ राजस्थान फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। फेस्टिवल में राजसी रसोइयों के चुनिंदा व्यंजन भोपालवासियों को चखने को मिल रहे हैं। समय शाम सात से रात 11 बजे तक है। होटल के जनरल मैनेजर राकेश उपाध्याय ने बताया कि राजस्थान के स्वादिष्ट व्यंजनों का एक लंबा और समृद्ध इतिहास है, जो आज के दौर के फूड लवर्स को भी बहुत पसंद आता है। खट्टे, मीठे और चटपटे राजस्थानी व्यंजनों में राजस्थान की संस्कृति, परंपराओं और जीवनशैली की झलक मिलती है जिसे यहां के राजपूत, वैष्णव तथा मारवाड़ी समुदायों ने आगे बढ़ाने और कायम रखने का काम किया है। राजस्थान की सिग्नेचर डिशेज मानी जाने वाली दाल-बाटी-चूरमा तथा बीकानेरी भुजिया न केवल भारत बल्कि दुनियाभर में मशहूर हैं। शेफ अमोल पाटिल तथा राजस्थानी शेफ नरपत सिंह ने बताया कि वे अपनी टीम के साथ मिलकर मेहमानों के लिए राजस्थान के परंपरागत वेज एवं नॉनवेज व्यंजनों को तैयार करते हैं। नरपत ने बताया कि राजस्थान व्यंजन बनाने में समय ज्यादा लगता है। घेवर दो घंटे में, आटे की सब्जी तीन घंटे और बाजरे का खिचड़ा पांच घंटे में बनकर तैयार होता है। इन व्यंजनों की लंबी फेहरिस्त में जोधपुरी पनीर के सूले, बाजरा पुदीने की टिक्की, शेखावटी दाल पकौड़ी, सांगरी के कवाब, बीकानेरी तवा मच्छी तथा मथानिया मुर्ग टिक्का जैसे स्टार्टर्स होंगे। वहीं बाजरे की राब का स्वादिष्ट सूप का मजा भी मेहमान ले सकेंगे। मेन कोर्स में सब्जी के लिए पनीर राजवाड़ा, जोधपुरी पनीर, मारवाड़ी धनिया मंगोड़ी, चक्की की सब्जी, जयपुरी भिंडी, लहसुनी पालक सांगरी, सब्ज पंचमेला, केर सांगरी, मलाई प्याज, मिक्स्ड वेजीटेबल खिचड़ी, गट्टे का पुलाव आदि शामिल रहेंगे। वहीं मांसाहारियों के लिए जोधपुरी मुर्ग, लाल मांस, बाजरे का सोयता सहित बहुत से व्यंजन सर्व किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त काउंटरों पर मिर्ची वड़ा चाट, कढ़ी, कचौरी तथा दाल-बाटी-चूरमा भी उपलब्ध रहेंगे।



# फुटपाथ पर कब्जा सड़कों में बाजार पैदल यात्री हो रहे दुर्घटना के शिकार

**भोपाल ( यश भारत )।** जिंसी तिराहे के आसपास कार शोरुम संचालकों, दुकानदारों और हाथठेले वालों ने कब्जा कर रखा है। ये अतिक्रमण फुटपाथ को दबाने के बाद सड़कों तक पहुंच गया है। ऐसे में पैदल यात्रियों के चलने की जगह नहीं बची है, सड़क में चलने की वजह से यहां आए दिन वाहनचालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। लेकिन नगर निगम से लेकर सीएम हेल्पलाइन तक शिकायत करने के बाद भी फुटपाथ अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पाया।जिंसी तिराहे से लिली टाकीज तक दो किलोमीटर की इस रोड के दोनों ओर हाथ ठेला और गुमठियों का कब्जा है। इसके साथ ही दुकानदारों ने भी फुटपाथ को अपनी दुकान का हिस्सा मान लिया है। ये दुकानदार के आठ से दस फीट बाहर तक दुकानों का समान सजा के रखते हैं। ऐसे में रोजाना शाम पांच बजे के बाद और अवकाश वाले दिनों में ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाता है। सड़क में अत्याधिक वाहनों की भीड़ रहती है, ऐसे में फुटपाथ पर कब्जे की वजह से राहगीरों को सड़कों में चलना पड़ता है, जो आए दिन सड़क दुर्घटना की मुख्य वजह बनता जा रहा है। लेकिन रहवासियों की शिकायत के बाद भी इन अवैध वेंडरों और दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई ना तो नगर निगम करता और ना ही ट्रैफिक पुलिस।

### जिंसी तिराहे से एमपी नगर की ओर कार शोरुम संचालकों का कब्जा

जिंसी तिराहे से एम नगर की ओर जाने वाली सड़क के दोनों ओर कार शोरुम संचालकों और आटो माबाइल डीलरों का कब्जा है। यहां सड़क के दोनों ओर फुटपाथ पर नई व सेकंड हैंड कारें रखकर बेची जा रही है। यदि कभी यहां नगर निगम का अतिक्रमण अमला कार्रवाई के लिए जाता भी है, तो शोरुम संचालक बड़े अधिकारियों से दबाव बनाकर कार्रवाई रुकवा देते हैं।

### जिंसी से बोगदा पुल जाने वाले मार्ग पर लग रही फलों की मंडी

जिंसी तिराहे से बोगदा पुल की ओर जाने वाली सड़क पर अवैध हाथठेले वालों ने कब्जा कर रखा है। यहां करीब 50 से अधिक फल व सब्जी की दुकानें लग रही हैं। रहवासियों की शिकायत पर यदि कभी अतिक्रमण अमला यहां कार्रवाई करने आता भी है तो कुछ ठेले वालों पर कार्रवाई कर चला जाता है। अमले के जाने के बाद फिर से इस फुटपाथ पर ठेले वाले अपना कब्जा जमा लेते हैं।

### फुटपाथ गायब, सड़क तक फैला सामान

जिंसी तिराहे से जहांगीराबाद चौकी तक सड़क के किनारे फुटपाथ गायब हो गया है। यहां दुकानदारों ने अपना सामान सड़क तक फैला रखा है। अतिक्रमण की कार्रवाई नहीं होने से बेखौफ दुकानदार सड़क में ही टाइल्स व लकड़ी के टाल का संचालन कर रहे हैं। इनका कहना है कि दुकान के सामने की जगह भी दुकानदारों के लिए ही है, इसलिए सामान बाहर सजा के रखते हैं।

**जिंसी तिराहे के आसपास फटपाथ और सर्विस रोड पर अवैध वेंडरों व दुकानदारों के कब्जे को लेकर अतिक्रमण अमले को कार्रवाई के लिए कहा गया है। समय-समय पर यहां अतिक्रमण के खिलाफ मुहिम चलाई जाती है। जल्द ही इन अतिक्रमणकारियों को हटाकर फुटपाथ को खाली कराया जाएगा।**
**-रजनीश श्रीवास्तव, जोनल अधिकारी जोन क्रमांक आठ**

# ट्विटर सीइओ को मध्य प्रदेश के गृहमंत्री ने लिखा पत्र, धार्मिक भावनाएं भड़काने वाले ट्वीट पर लगे रोक



**भोपाल ( यश भारत )।** मां काली के विवादास्पद पोस्टर मामले में प्रदेश के गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने ट्विटर के सीइओ पराग अग्रवाल को पत्र लिखा है। मंत्री ने कहा कि धर्म विशेष की भावनाओं को आहत करने और सामाजिक समरसता बिगाड़ने वाली सामग्री का ट्विटर पर पोस्ट करने से पहले परीक्षण करा लिया करें। कोई भी सामग्री आपत्तिजनक होने की दशा में ट्विटर पर न डालें। वहीं ऐसी सामग्री बार-बार ट्विटर पर डालकर समाज में विद्वेष फैलाने वालों को चिन्हित करें और उनका खाता प्रतिबंधित करें। मंत्री ने कहा कि ट्विटर वर्तमान में संवाद एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान में वैश्विक महत्व रखता है। काफी समय से देखने में आ रहा है कि शरारती तत्व सस्ती लोकप्रियता एवं त्वरित सफलता की चाह में धार्मिक विषय पर ऐसी टिप्पणी एवं चित्र ट्विटर पर पोस्ट करते हैं, जो अवांछनीय होने के साथ सामाजिक समरसता बिगाड़ने और धार्मिक भावनाओं को आहत करती हैं। ट्विटर पर पोस्ट करने से पहले ऐसी सामग्री का परीक्षण कर लेना चाहिए। मंत्री ने उम्मीद जताई है कि ट्विटर इस मामले में ठोस कदम उठाएगा।

### कांग्रेस 15 साल तक सत्ता में नहीं आने वाली

मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि 15 महीने की अपनी सरकार में कमल नाथ ने जिस तरह से भ्रष्टाचार किया उससे अब अगले 15 साल तक? मध्य प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में नहीं आने वाली है। प्रदेश की जनता ?का कांग्रेस पार्टी पर से विश्वास ही उठ गया है।

# आज शाम तक या कल जारी हो सकता है जेईई मेन का परिणाम

**भोपाल ( यश भारत )।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की ओर से जल्द ही जॉइंट एंट्रेन्स टेस्ट (जेईई) मेन के पहले चरण का रिजल्ट जारी किया जाएगा। इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में दाखिलों के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए परिणाम दो चरणों में जारी किए जाएंगे। विशेषज्ञ के अनुसार पहले चरण यानी जून सत्र की परीक्षा के परिणाम शनिवार शाम को जारी हो सकते हैं।

पहले चरण के लिए एनटीए ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जेईई मेन की फाइनल आंसर की भी जारी कर दी है। इसमें चार प्रश्नों को ड्रॉप कर दिया गया है। जिनके अंक सामान्यीकरण में जोड़े जाएंगे। अब जल्द ही पहले चरण का रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा। जेईई मेन परीक्षा परिणाम में देखने के लिए उम्मीदवारों को अपने पंजीकरण क्रमांक और पासवर्ड की जरूरत होगी।

देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन सत्र की शुरुआत 23 जून से की गई थी। पहले दिन बी आर्किटेक्चर कोर्स के लिए दो चरणों में परीक्षा का आयोजन किया गया था। 30 जून तक बीटेक व बीई कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा के विशेषज्ञ डा. जीएस ठकराल ने कहा कि जेईई मेन के दूसरे चरण के समापन के बाद दोनों चरणों के लिए संयुक्त एनटीए रैंक जारी की जाएगी। उसी रैंक के आधार पर फाइनल कट आफ लिस्ट जारी होगी। इसमें उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त किए गए अंकों का उपयोग नहीं किया जाएगा। एनटीए छात्रों द्वारा प्राप्त पर्सेंटाइल स्कोर के सामान्यीकरण के बाद रैंक सूची और कट आफ अंक तैयार की जाएगी। शीर्ष 2.50 लाख रैंक के उम्मीदवारों को जेईई एडवांस परीक्षा भाग लेने का मौका मिलेगा।

# महंगाई डायन ़ खाद्य तेलों के दाम में राहत, रसोई गैस की लौ हुई तेज

**भोपाल,यशभारत।** घर के बजट व खाद्य तेल को लेकर राहत की सांस लेने से पहले आमजन की रसोई गैस की लौ तेज हो गई है। पिछले कुछ दिनों में खाद्य तेल के दाम कम हुए तो दूसरी तरफ एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ गए। इस कारण लोगों को आसमान छूती महंगाई से राहत नहीं मिल सकी।

आमजन सबसे ज्यादा परेशान खाद्य तेल के बढ़ते दाम से थे। हालांकि पिछले दो महीने में खाद्य तेल के टिन के दाम में 400 रुपये तक की कमी आई है। रिफाइंड का 15 लीटर का जो टिन 2500 रुपये का था। वह अब घटकर 2120 का रह गया है। इसी प्रकार सरसों का टिन के दाम दो हजार रुपये पर आ गए हैं। वनस्पति तेल की कीमत प्रति लीटर 130 रुपये हो गई है। खाद्य तेल से जुड़े व्यापारियों का कहना है कि फिलहाल सहालग न होने से मोटी बिकवाली नहीं हो पा रही है, जबकि उत्पादन बढ़ गया है। इससे तेल के दाम में गिरावट दर्ज आई है। वहीं रसोई में उपयोग होने वाले अन्य सामान के दाम भी फिलहाल स्थिर बने हुए हैं। आनलाइन खरीद ने घटाई दुकानों पर बिकवाली- दाल बाजार के किराना कारोबारी का कहना है अभी सहालग कमजोर है और दूसरी ओर आनलाइन खरीद बढ़ गई है। आनलाइन सामान खरीदने पर कंपनियां कई तरह के आफर देती हैं, जिसके चलते सामान की कीमत कई बार बाजार से कम दाम पर मिल जाती हैं। राशन पर भी कंपनियां खूब आफर बांट रही है। लोग आनलाइन पर जहां एक ओर सामान सस्ता खरीद लेते हैं। वहीं दूसरी और लोगों के समय की बचत होती, आने-जाने का व्यय भी बचता है। सिहालग कम तो खरीदारी भी कम- अप्रैल माह तक खूब शादी-विवाह का सहालग चला। तीन मई को अक्षय तृतीया पर जबर्दस्त सहालग था। इसके बाद विवाह में मुहूर्त तो रहे पर उसमें विवाह समारोह न के बराबर हुए। ठीक यही हाल जून मे रहा। आठ जुलाई के सहालग के बाद 10 जुलाई से देव सो जाएंगे। इसके बाद अगले चार महीने तक कोई मुहूर्त नहीं है। दीपावली के बाद एक बार फिर सहालग आएगा, तब तक राशन की मोटी बिकवाली लगभग बंद रहेगी।

वर्ष 2019 में सरसों का तेल 85 रुपये लीटर था, जो पिछले महीने 170 रुपये हो चुका था। वहीं सोयाबीन का तेल भी 72 रुपये से बढ़कर 175 पहुंचा था। आटा 30 रुपये किलो, शक्कर 40, तुअर दाल 110, मसूर दाल 95 रुपये प्रति किलो मिल रही थी। सोयाबीन व सरसों के तेल में 30 से 40 रुपये की कमी आई है।

# नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में प्रदेश के 450 बच्चे चयनित

### विद्यार्थी ऐसे देखें अपना रिजल्ट

### प्रदेश के 55 नवोदय विद्यालयों में कक्षा

**भोपाल ( यश भारत )।** नवोदय विद्यालयों में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। नवोदय विद्यालय संगठन ने प्रवेश परीक्षा का परिणाम वेबसाइट पर आनलाइन जारी किया। यह प्रवेश परीक्षा विगत 30 अप्रैल को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में प्रदेश के 55 नवोदय विद्यालयों के लिए लगभग 450 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। राजधानी के रातीबड़ स्थित नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं के लिए 80 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। यहां के लिए 3823 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था। वहीं 2595 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। प्रदेश से करीब 15 हजार विद्यार्थी शामिल हुए थे।विद्यार्थी छठवीं के अलावा नौवीं कक्षा में भी नवोदय विद्यालयों में दाखिला ले सकते हैं, बशर्ते नौवीं कक्षा में सीट उपलब?ध होनी चाहिए। रातीबड़ नवोदय विद्यालय की प्राचार्य काव्या दुबे ने बताया कि हर साल नवोदय विद्यालयों में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। अगर नौवीं में सीट खाली होती है तो उस कक्षा के लिए भी प्रवेश परीक्षा ली जाती है। उन्होंने कहा कि हर साल नवोदय विद्यालयों में प्रवेश के लिए 10 से 15 प्रतिशत अधिक विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रवेश परीक्षा में गणित, अंग्रेजी, हिंदी, सामान्य ज्ञान और रीजनिंग के सवाल पूछे जाते हैं। अगर पुराने प्रश्नपत्रों से विद्यार्थी तैयारी करें तो आसानी से इस प्रवेश परीक्षा को निकाल सकते हैं।


ऐसे चेक करें रिजल्ट

नवोदय की वेबसाइट- navodaya.gov.in पर जाएं। इसके होम पेज पर, 'जेएनवीएसटी कक्षा 6 परिणाम 2022 (व्यक्तिगत) देखें'लिखा नजर आएगा। उसे क्लिक करें। इससे स?क्रीन पर रिजल?ट लॉगिन विंडो खुलेगी। उसमें अपना रोल नंबर और जन्मतिथि समेत अन?य वांछित जानकारी दर्ज करें। 'सबमिट' बटन पर क्लिक करें। इस तरह आप अपना परीक्षा परिणाम देख सकते हैं।शश कर रही है कि वे अब तक कहां-कहां वारदात कर चुके हैं।

# बौछारें पड़ने से ठंडक बढ़ी दोपहर बाद भी वर्षा होने के आसार

**भोपाल ( यश भारत )।** अलग-अलग स्थानों पर सक्रिय तीन मौसम प्रणालियों के असर से वातावरण में काफी नमी मौजूद है। इसके चलते राजधानी सहित मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में गरजङ्कचमक के साथ वर्षा होने का सिलसिला बना हुआ है। इसी क्रम में राजधानी में लगातार बादल बने हुए हैं। साथ ही रुक-रुककर बौछारें पड़ रही हैं। इससे मौसम में ठंडक बढ़ गई है। रात के तापमान में भी गिरावट हो गई है। शनिवार को भी सुबह शहर में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बौछारें पड़ीं। न्यूनतम तापमान 23.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम रहा। साथ ही यह शुक्रवार के न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस की तुलना में 2.1 डिग्री सेल्सियस कम रहा। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक दोपहर के बाद फिर वर्षा होने की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे तक रायसेन में 55.6, गुना में 31.6, खंडवा में 23, सागर में 22.6, छिंदवाड़ा में 22.3, पचमढ़ी में 20.4, उमरिया में 14.4, मलाजखंड में 13.8, भोपाल में 11.8, मंडला में छह, नर्मदापुरम में 4.2, खरगोन में 3.2, सतना में चार, दमोह में तीन, धार में 0.7, बैतूल में 0.2 मिलीमीटर वर्षा हुई।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को राजधानी का न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। साथ ही यह गुरूवार के न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस से 1.2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। गुरूवार को शहर का अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था, जो सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस कम था। यह बुधवार



के अधिकतम तापमान 32.1 डिग्री सेल्सियस की तुलना में 3.6 डिग्री सेल्सियस कम रहा। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी ममता यादव ने बताया कि अलगङ्कअलग स्थानों पर बनी मौसम प्रणालियों के असर से राजधानी सहित प्रदेश के अधिकतर जिलों में रुक-रुककर वर्षा हो रही है। वातावरण में नमी होने के कारण बादल बने हुए हैं। शुक्रवार को दिनभर बादल मौजूद रहने की संभावना है। इससे अधिकतम तापमान 28-29 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहने की संभावना है।

### ये मौसम प्रणालियां सक्रिय

वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। मानसून ट्रफ जैसलमेर, कोटा, जबलपुर, पेंड्रा रोड, कलिंगपट्नम होते हुए बंगाल की खाड़ी तक बना हुआ है। इसके अतिरिक्त दक्षिण ओडिशा एवं उत्तरी आंध्रा तट पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अलग-अलग स्थानों पर बनी इन तीन मौसम प्रणालियों के असर से शनिवार-रविवार को भी भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, नर्मदापुरम संभागों के जिलों में गरजङ्कचमक के साथ वर्षा होने की संभावना है।

# आदिवासी अंचल क्षेत्र की शासकीय शालाओं में अव्यवस्थाओं का अंबार

**गाडरवारा( यश भारत )** चीचली जनपद के आदिवासी अंचल क्षेत्र मैं शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों की अनदेखी के कारण बच्चों को बेहतर शिक्षा नहीं मिल पा रही है ग्राम पंचायत भैरोपुर के ग्राम पापरा शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों का भविष्य अंधकार में नजर आ रहा है यहां पर पदस्थ शिक्षक कभी कभार ही स्कूल पहुंचते हैं इसके साथ ही उनकी स्कूल आने की टाइमिंग दोपहर में दो तीन बजे के बीच की होती है इस समय स्कूल में बच्चों के प्रवेश होने हैं और बच्चों के अभिभावक अपने बच्चों का नाम लिखाने के लिए स्कूल के सामने बने चबूतरे पर बैठकर शिक्षक का इंतजार करते रहते हैं ग्राम पापरा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जहां एक और मध्यप्रदेश शासन आदिवासियों के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं चलाकर उन्हें लाभान्वित करने का काम कर रही है शिक्षा विभाग द्वारा भी प्रवेश उत्सव सहित कई आयोजन कर लोगों को जागरूक करते हुए बच्चों के नाम स्कूलों में लिखवाने के लिए प्रेरित करने का काम किया जा रहा है लेकिन आदिवासी अंचल के पापरा गांव की जमीनी हकीकत कुछ और ही है यहां की प्राथमिक शाला में अव्यवस्थाओं का आलम है शिक्षक समय पर नहीं पहुंचते ऐसी स्थिति में शिक्षा का स्तर कैसा होगा यहा हम सहज अंदाजा लगा सकते हैं स्कूल के सामने अभिभावक चबूतरे पर बैठकर घंटों अपने बच्चों का नाम लिखाने के लिए



शिक्षक का इंतजार करते रहते हैं जब नवीन शिक्षा सत्र शुरू होने पर प्राथमिक शाला पापरा की यह स्थिति है तो पूरे वर्ष मैं शिक्षा का स्तर कैसा होगा यह अनुमान लगाया जा सकता है कई वर्षों से यहां पर अव्यवस्थाओ काम अंबार है ग्राम वासियों द्वारा लगातार शिकायतें भी की जा रही है लेकिन शिक्षा विभाग के आला अधिकारी पापरा ग्राम की शासकीय प्राथमिक शाला पर ध्यान तक नहीं देते ग्रामीणों का कहना है कि यहां पर स्थाई शिक्षक की नियुक्ति की जाए जो समय पर स्कूल पहुंचे और स्कूल की शिक्षा व्यवस्थाओं पर ध्यान दें जिससे कि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके वर्तमान में हम

## समय पर नहीं पहुंचते शिक्षक

देख रहे हैं कि गाडरवारा तहसील क्षेत्र में जिला शिक्षा अधिकारी का आए दिन दौरा लगा रहता है और आए दिन खबर मिलती है कभी इसी स्कूल क्षेत्र का निरीक्षण किया तो कभी किसी कार्यक्रम में शरीक हुई जिला शिक्षा अधिकारी को यदि निरीक्षण करना है तो आदिवासी अंचल क्षेत्र की शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण करें तब उन्हें पता चलेगा की कुछ स्कूल ऐसे भी है जिनमें शिक्षकों की किस तरह की लापरवाही चल रही है अभी हम देख रहे हैं जिला शिक्षा अधिकारी उन स्कूलों का निरीक्षण कर रही है जहां पर कोई समस्या ही नहीं है उचित व्यवस्थाएं हैं चीचली ब्लाक शिक्षा अधिकारी को भी चाहिए आदिवासी अंचल क्षेत्र पहुंचकर प्राथमिक शाला से संबंधित ग्रामीणों की जो समस्या है उसका निदान कराएं ग्रामीणों का कहना है कि अगर इस समस्या का निदान नहीं हुआ तो वह लोग शिक्षा विभाग की अवस्थाओं को लेकर गांव से लगी नदी में जल सत्याग्रह करेंगे जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी द्य ग्राम पंचायत भैरोपुर के सरपंच अभिषेक कौरव ने जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि ग्राम पापरा सहित आदिवासी अंचल क्षेत्र की प्राथमिक शालाओं का निरीक्षण कर वहां की जो समस्या है उनका शीघ्र निदान कराएं जिससे कि ग्रामीण अंचल के स्कूल समय पर खोले जाएं शिक्षक समय पर पहुंचे और बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सकें ग्राम पापरा में शिक्षक स्कूल न आने की समस्या को एक लेकर युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया तीन-चार घंटे चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद जब शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं पुलिस महकमा वहां पहुंचा और उसे आश्वासन दिया गया कि जो शिक्षक इस प्राथमिक शाला में लापरवाही बरत रहे हैं उन्हें तत्काल अलग किया जा रहा है तब कहीं जाकर उक्त युवक टावर से नीचे उतरा ।

### इनका कहना है

पापरा ग्राम से शिकायत प्राप्त हुई थी कि ग्रामीण जन एकत्रित होकर स्कूल के सामने अपने बच्चों को लेकर बैठे हुए शिक्षक का इंतजार कर रहे हैं इस समस्या के समाधान के लिए एक युवक मोबाइल टावर पर भी चढ़ गया था मैंने वहां पहुंचकर तुरंत कार्रवाई करते हुए जिस शिक्षक की लगातार शिकायत मिल रही थी उसे वहां से अलग कर दिया है संकुल से एक शिक्षक की पद स्थापना कर दी है उक्त शिक्षक की सेवाएं भी प्रारंभ हो गई है मैं भी समय-समय पीपला पहुंचकर प्राथमिक शाला का निरीक्षण करता रहूंगा।

**ए एस अयान सिंह**
**ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चीचली**




# शहर में गांजा बिक्री चरम पर चोलाधारियों की हो रही बल्ले बल्ले

गाडरवारा(यश भारत) । शहर में लगातार अवैध मादक पदार्थ गाँजा की बिक्री निरंतर कई वर्षों से हो रही है लेकिन कुछ समय से इस बिक्री में काफी इजाफा हो गया है और शहर के मुख्य बाजार इलाकों में भी खुलेआम गांजा विक्री होना आम बात हो गई है कुछ राजनीतिक दल के चोला धारी भी इस व्यापार में वर्षों से लिप्त हैं जिसके चलते पुलिस भी मजबूर और बेबस नजर आ रही है क्योंकि जिस प्रकार अन्य स्थानो के आधा किलो 1 किलो गांजा जप्त करने पर अखबारों की सुर्खियों में आने वाली पुलिस वाह वाही लूटने से नही चूकती है वही इन रसूखदार चोला धारियों व गांजे के व्यापारियों के ठिकाने से कहीं ज्यादा मात्रा में तो गांजा प्रतिदिन बिक्री किया जाता है लेकिन फिर भी इन पर कोई भी कार्यवाही ना हो पाना पुलिस प्रशासन को संदेह के घेरे में खड़ा करता है नशे के इस व्यापार से क्षेत्र के युवाओं का भविष्य दांव पर है युवाओं में इसकी लत बढ़ती जा रही है क्योंकि यह मादक पदार्थ गांजा बड़ी आसानी से युवाओं को मिल जाता है और युवा पीढ़ी लगातार इसका उपयोग कर खुद को काल के गाल में ले जाने का काम कर रहा है अवैध गांजा व्यापारियों की लाखों की कमाई में समाज का यह महत्वपूर्ण अंग हाशिए पर है जोकि बड़ा चिंतनीय विषय है।

# यश नर्सरी में बच्चों संग मनाया गया वन महोत्सव



**जबलपुर,यशभारत।** विगत दो दिनों से हर जगह ग्रीन-ग्रीन दिख रहा था, लग रहा था मानो सम्पूर्ण विद्यालय परिसर ने हरी चादर ओढ़ ली हो, अवसर था यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल अधारताल एवं गोहलपुर शाखाओं में वन महोत्सव का आयोजन, जिसमें छोटे छोटे नन्ने-मुन्ने नैनिहालों द्वारा पहनी हुई हरी-हरी वेशभूषा मानो पेड़ों की कोमल पत्तियों से प्रतीत हो रही थीं ।इसके साथ ही उक्त अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पेड़ों के महत्व को जाना गया, साथ ही उनके द्वारा विभिन्न वन्य प्राणियों की वेशभूषा भी पहनी गई, तथा उनका जीवन कैसे बचाया जाए इस बारे में भी प्रकाश डाला गया ।छोटे छोटे विद्यार्थियों ने विद्यालय की बगिया में पौधों की देखभाल कैसे की जाए यह भी सीखा । सम्पूर्ण कार्यक्रम विद्यालय संचालक डॉ विजयकांत तिवारी एवं प्राचार्य श्रीमती सोनल तिवारी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। अतुल श्रीवास्तव, राहुल राजपूत, वर्षा झारिया, शुभांगी शर्मा, रुपाली शुक्ला एवं समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# कलेक्टर का एक फोन पहुंचते ही हॉस्पिटल ने किया गरीब मरीज का बिल माफ

**जबलपुर,यशभारत।** शुक्रवार कोकलेक्टर कार्यालय पहुँचे नरसिंहपुर निवासी हर प्रसाद ठाकुर गौंड ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर से मुलाकात की। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि उनका 14 वर्षीय पुत्र मनीष गौड़ पेड़ से गिर गया था 10 जून को नरसिंहपुर से पुत्र को लेकर गोल बाजार स्थित सुधा नर्सिंग होम इलाज कराने पहुंचे। वहां पर इलाज शुरू हुआ और आज 28 दिन बाद डिस्चार्ज करने के लिए अस्पताल ने इलाज खर्च रु 1, 30, 000 और दवाइयों का 45000 रु. का बताया। बिल जमा ना करने की स्थिति में पेशेंट को डिस्चार्ज नहीं किया जा रहा है ।पीड़ित पिता हरिप्रसाद ठाकुर गोंड ने कहा कि सर मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है इतनी राशि मेरे पास कहां से आएगी मेरे पास 40,000 की जमा पूंजी थी जो मैंने हॉस्पिटल में एडमिशन के समय जमा कर दी थी, मैं एक गरीब आदमी हूं तथा मजदूरी करके जीवन यापन करता हूं इतने रुपये में नहीं ला सकता हूँ ,कृपया मेरी मदद कीजिये। यह सुनकर कलेक्टर ने सीएमएचओ डॉ. रत्नेश कुररिया को इस मामले का तुरन्त निराकरण करने और मरीज के परीजन की मदद करने के निर्देश दिये। कलेक्टर से मिले निर्देश पर सीएमएचओ ने हॉस्पिटल प्रबंधक से बात की और बिल माफ करने और गरीब परिजन की आर्थिक स्थिति को देखकर उचित निर्णय लेने को कहा। जिस पर सुधा नर्सिंग होम के संचालक ने भी मरीज के परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए मानवता का परिचय दिया और दरियादिली दिखाते हुए 1,30000 का बिल माफ कर दिया। सिर्फ दवाओं का खर्च 45000 रु जमा करने का वे भी बाद में देने का कहकर मरीज को डिस्चार्ज किया। परिजनों पुत्र को लेकर नरसिंहपुर रवाना हो गए।

**रेल मजदूर संघ का प्रयास रंग लाया**

# लोको पायलट गुड्स की भी पदोन्नति सूची होगी जारी

**जबलपुर,यशभारत।** भारतीय रेल के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रनिंग स्टॉफ (लोको पायलट/सहायक लोको पायलट के प्रमोषन में कोर्ट केस होने की वजह से विगत 2 वर्षो से सहायक लोको पायलट से लोको पायलट (गुड्स) में प्रमोषन का मामला कानूनी दाव पेच के कारण उलझा हुआ था ।जिससे पष्चिम मध्य रेल संचालन प्रभावित हो रहा था ।उक्त पीड़ा को पष्चिम मध्य रेल मजदूर संघ के दखल के बाद प्रमोषन सूची जारी करने का रास्ता साफ हो गया है । संघ के संयुक्त महामंत्री व संघ प्रवक्ता श्री सतीष कुमार ने बताया कि उक्त मुद्दे को संघ के महामंत्री ने महाप्रबंधक का कार्यभार देख रहे अपर महाप्रबंधक शोभन चौधुरी के समक्ष पुरजोर तरीके से रखा जिस पर श्री चौधुरी ने महामंत्री की जायज मांग को मानते हुए प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी को लम्बित लोको पायलट गुड्स की पदौन्नति सूची प्रोवेजिनली तौर पर जारी करने का निर्देष दे दिया है, जिससे जल्द ही ।स्च् को स्च्;ळद्ध बनने का रास्ता साफ हो गया है । उक्त निर्णय से रनिंग स्टॉफ में हर्ष व्याप्त है और उन्होंने रेल मजदूर संघ को धन्यवाद भी किया है । संघ के अध्यक्ष सी.एम. उपाध्याय , मंडल सचिव डी.पी. अग्रवाल , मंडल अध्यक्ष एस.एन. शुक्ला दीना यादव, अवधेष तिवारी, जे.पी. मीणा, आर.ए. सिंह, दीपक केसरी , एस.आर. बाउरी, रोषन यादव, मंदीप सिंह, अनिल चौबे आदि ने हर्ष व्यक्त किया है

**चार जोड़ी रेलगाड़ियों की सेवाएँ हुई बहाल**

# बहुप्रतिक्षित जबलपुर-अम्बिकापुर इंटरसिटी भी हुई प्रारंभ

**जबलपुर यश भारत।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मण्डल द्वारा पश्चिम मध्य रेल से संबंधित चार जोड़ी रेलगाड़ियों को पूर्व में 16 जुलाई तक निरस्त किया था, लेकिन अब इन सभी चारों रेलगाड़ियॉं की सेवाओं को बहाल करने का निर्णय लिया गया है। इनमें बहुप्रतिक्षित लोकप्रिय रेलगाड़ी जबलपुर-अम्बिकापुर ट्रेन की सेवाएँ भी बहाल हो गई है रेलवे द्वारा जारी अधिसूचना में बताया गया कि निम्नलिखित चार जोड़ी रेलगाड़ियों की सेवाएँ उनके सामने बताई गई तारीखों से बहाल कर दी गई हैं। 12 जुलाई से अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रतिदिन चलने वाली गाड़ी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर तथा वापसी में गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस को 13 जुलाई से सेवा बहाल। इसी तरह से 12 जुलाई से अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रतिदिन रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा तथा 13 जुलाई से गाड़ी संख्या 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस की सेवा बहाल। 12 जुलाई से ही गाड़ी संख्या 11265 जबलपुर-अंबिकापुर प्रतिदिन तथा गाड़ी संख्या 11266 अंबिकापुर-जबलपुर 13 जुलाई से प्रतिदिन अपने प्रारंभिक स्टेशन से सेवा बहाल। इसके अलावा गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति-संतरागाछी साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस 13.07.2022 से तथा गा?ी संख्या 22170 संतरागाछी-रानी कमलापति साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस 14.07.2022 से अपने प्रारंभिक स्टेशन से बहाल कर दी गई है।

# हरित पहल के क्षेत्र में पश्चिम मध्य रेल का एक और कदम

**जबलपुर यश भारत।** रेलवे हरित पहल के क्षेत्र में ऊर्जा की बचत के लिए अत्यधिक कार्य कर रही है जिसमें पश्चिम मध्य रेल भी अहम भूमिका निभा रही है। गौरतलब है कि रेलवे में आधुनिक कोचों का प्रयोग निरंतर बढ़ता जा रहा है तथा इन नये प्रकार के कोचों के संचालन हेतु नई-नई तकनीक का निरंतर प्रयोग किया जा रहा है। जैसा की विदित है, की वर्तमान में विशेष रूप से एलएचबी कोचों का निर्माण और उपयोग किया जा रहा है।

पूर्व में रखरखाव - प्रत्येक ट्रेन के रैक में दो डी.जी. सेट लगे होते हैं जिनके द्वारा पूर्व में सभी कोचों के लिए आवश्यक बिजली की आपूर्ति की जाती थी तथा पिट लाइन में रखरखाव भी डी. जी. सेट के द्वारा ही किया जाता था। इस प्रकार इन गाड़ियों के संचालन हेतु मुख्यतया डीजल ईंधन का प्रयोग किया जाता था। इन रेकों के सुरक्षित एवं सरंक्षित रेल संचालन हेतुपिट लाइन में प्राथमिक अनुरक्षण के दौरान पावर कार में उपलब्ध डी.जी. सेट चलाकर कोचों का अनुरक्षण कार्य किया जाता था जिसमें डीजल की खपत होती थी।

वर्तमान में रखरखाव -एलएचबी कोचों के अनुरक्षण हेतु 750 वोल्ट बिजली सप्लाई की आवश्यकता होती है। पश्चिम मध्य रेल के तीनों

# तीन महीनों में1 करोड़ से अधिक की रेल राजस्व में बचत



मंडलों (जबलपुर, भोपाल एवं कोटा) के कोचिंग डिपो के अंतर्गत अब सभी 100 प्रतिशत पिट लाइन पर 750 वोल्ट सप्लाई उपलब्ध कराने हेतु नये बिजली सब स्टेशन का निर्माण किया गया है। जिसके द्वारा इन रेकों के लिए आवश्यक 750 वोल्ट की सप्लाई प्रदान कर इन रेकों का अनुरक्षण कार्य सुगमता से किया जा सके। इस सिस्टम के उपयोग करने से कई फायदे और पर्यावरण के अनुकूल वातावरण मानवजीवन के लिए काफी सहायक सिद्ध होगा।

डीजल ईंधन की बचत होगी। * पर्यावरण के अनुकूल एवं हरित पहल को ब?ावा मिलेगा। * ट्रेनों में जनरेटर कार का उपयोग न के बराबर होगा। * रैक प्लेस होते ही रेल यात्रियों जब कोचों के अंदर प्रवेश करेंगे तो उन्हें (प्री कूल्ड कोच) पहले से ही तैयार वातानुकूलित कोच मिलेगा। * ट्रेन के बिजली उपकरणों की सम्पूर्ण परीक्षण पूर्ण रहेगी।

अब प्रत्येक रेक को अनुरक्षण हेतु पिट लाइन पर प्लेस करने के बाद, डी?ल की खपत नहीं होगी और बिजली की खपत से ही अनुरक्षण होगा जिसकी दर कम है। *पमरे ने अप्रैल 2022 से जून 2022 तक में जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के पिट लाइनों में 817 एलएचबी रैको का अनुरक्षण करके 1,22,060 लीटर्स डीजल की बचत से कुल 01 करो? 07 लाख 92 हजार 945 रूपये की बचत हुई। इस प्रकार पमरे के तीनों मण्डलों मे इस 750 वोल्ट की सप्लाई के विघुत सब स्टेशन की नये प्रणाली के माध्यम से एलएचबी रेक के अनुरक्षण में पिछले तीन माह में रुपये 01 करो? से अधिक की रेल राजस्व में बचत हुई। पश्चिम मध्य रेल हरित पहल में अग्रणी भूमिका निभाते हुए पर्यावरण सरंक्षण के लिए उच्च तकनीक बढ़ाने में आगे भी निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

# आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 28 असहायों और निराश्रितों को आश्रय स्थलों एवं रैन बसेरों में पहुंचाया गया

**जबलपुर,एजेंसी।** निगमायुक्त की पहल पर बारिश के इस मौसम को दृष्टिगत रखते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 28 असहायों और निराश्रितों को नगर निगम द्वारा आश्रय स्थलों और रैन बसेरों में पहुँचाया गया तथा उन्हें सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ उपलब्ध कराई गयी। इस संबंध में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की प्रभारी एवं सहायक आयुक्त श्रीमती अंकिता जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क किनारे, फुटपाथें पर, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड एवं चौराहों, तिराहों, सार्वजनिक स्थलों पर खुले आसमान के नीचे सोने वाले बेसहारा एवं निराश्रित गरीबों को सर्वसुविधायुक्त रैन बसेरों एवं आश्रय स्थलों में जगह दी जाकर उन्हें राहत पहुँचाई जा रही है। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम को देखते हुए खुले आसमान के नीचे सोने के लिए विवश निराश्रित गरीब लोगों को रैन बसेरों एवं आश्रय स्थलों में पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है, इसके लिए योजना शाखा, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं अन्य विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है, कि वे सभी स्थलों का भ्रमण कर खुले आसमान के नीचे सोने वालों को चिन्हित कर उन्हें नजदीक के रैन बसेरों एवं आश्रय स्थलों में पहुँचाकर उन्हें बारिश में भीगने से बचाने और उन्हें राहत दिलाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज सिविल लाइन क्षेत्र एवं कलेक्ट्रेट क्षेत्र से 28 निराश्रित गरीब एवं बेसहारा लोगों को रैनबसेरों एवं आश्रय स्थलों में पहुँचाया जाकर उनके रहने एवं सोने की उत्तम व्यवस्था की गई है। सहायक आयुक्त श्रीमती अंकिता जैन ने बताया कि खुले आसमान के नीचे सोने बाले निराश्रित एवं गरीब लोगों को रैन बसेरों एवं आश्रय स्थलों तक पहुँचाने का कार्य अभियान के रूप में नियमित रूप से चलाया जा रहा है।

# शहर की गंगा-जमुनी तहजीब के अनुरूप आपस में मिल-जुलकर मनाएं त्यौहार

जबलपुर,यशभारत। कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आज शाम संपन्न हुई शांति समिति की बैठक में ईद-उल-अजहा, गुरू पूर्णिमा और श्रावण सोमवार जैसे त्यौहारों के मद्देनजर शहर में साफ-सफाई, ट्रेफिक व्यवस्था, पेयजल एवं प्रकाश के समुचित इंतजाम सुनिश्चित करने के सुझाव सदस्यों ने प्रशासन को दिये हैं। शांति समिति की यह बैठक इन त्यौहारों पर व्यवस्थाओं को लेकर आयोजित की गई थी। बैठक में शांति समिति के सभी सदस्यों ने त्यौहारों पर केवल परंपरागत जुलूस एवं कार्यक्रम के आयोजन का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। सदस्यों ने कहा कि परंपरागत जुलूस या कार्यक्रमों के अलावा कोई भी नये कार्यक्रमों के आयोजन की अनुमति न दी जाये।

कलेक्टर की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में संपन्न हुई इस बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने शहर की गंगा-जमुनी तहजीब के अनुरूप सभी नागरिकों से इन त्यौहारों को आपस में मिल-जुलकर मनाने की अपील की। बैठक में विधायक विनय सक्सेना, कैलाश गुप्ता, एस.के. मुद्दीन, साबिर उस्मानी, मोहम्मद ताहिर खान, शरद काबरा, मतीन अंसारी, शरण चौधरी, वकील अंसारी, प्यारे साहब, साबिर उस्मानी, प्रहलाद श्रीवास्तव, कन्हैया तिवारी, मुबारक कादरी, राजा सराफ सहित शांति समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

बैठक में दस जुलाई को ईद-उल-अजहा एवं 13 जुलाई को गुरू पूर्णिमा पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी गई। सदस्यों द्वारा इन त्यौहारों पर धार्मिक स्थलों एवं ईदगाहों के आसपास साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवशकता बताई। इसके साथ ही पेयजल की अतिरिक्त आपूर्ति तथा विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया।

विधायक विनय सक्सेना ने बैठक में अपने विचार व्यक्त करते हुए फ्लाई ओव्हर के निर्माण के कारण नागरिकों को आवागमन में हो रही परेशानियों को त्यौहारों के मद्देनजर तत्काल दूर करने की बात कही। उन्होंने ईद-उल-अजहा के त्यौहार को देखते हुए मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में पेयजल की कमी न हो इस ओर ध्यान देने की जरूरत भी बताई। श्री सक्सेना ने त्यौहारों के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था को भी दुरूस्त करने पर जोर दिया।

बैठक में सदस्यों ने रानीताल ईदगाह में ईद पर बड़ी संख्या में नमाज के लिए आने वाले नमाजियों की सुविधा के लिहाज से फ्लाई ओव्हर के निर्माण वाले बल्देवबाग से रानीताल तक के हिस्से की सड़क की मरम्मत और मोटरेबल बनाने की मांग की। इसी प्रकार बहोराबाग से चारखंबा रोड पर लगने वाले बकरा मार्केट को देखते हुए ट्रेफिक डायवर्ट करने का सुझाव दिया गया। रद्दी चौकी से गोहलपुर मार्ग को भी ईद के मद्देनजर एकांगी करने की बात कही गई। स्लाटर हाउस के आसपास साफ-सफाई के विशेष इंतजाम सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में पानी की टंकियों का पूरा भरने तथा टैंकरों से अतिरिक्त जलापूर्ति की राय भी

## शांति समिति की बैठक

शांति समिति के सदस्यों ने बैठक में दी।

शांति समिति के सदस्यों ने बैठक में सभी धर्मों के त्यौहारों में आपसी सद्भाव और भाईचारे से मनाये जाने की जबलपुर शहर की गौरवशाली परंपरा का जिक्र किया। सदस्यों ने कहा कि त्यौहारों के दौरान अशांति पैदा करने वाले तत्वों से तथा सोशल मीडिया पर सद्भाव बिगाड़ने के मकसद से किसी भी धर्म या संप्रदाय के विरूद्ध आपत्तिजनक टीका-टिप्पणी या पोस्ट करने वालों से सख्ती से निपटा जाये और उन्हें कठोर से कठोर दंड दिया जाये। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने त्यौहारों पर लंगर या भंडारे का आयोजन सड़कों पर न करने की अपील भी इनके आयोजकों से की।

### शांति समिति के सदस्यों के सुझाव पर होगा अमल-कलेक्टर

कलेक्टर ने बैठक में शांति समिति के सदस्यों से सुझावों को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रशासन इस पर अमल करने और त्यौहारों के दौरान बेहतर व्यवस्थायें देने की पूरी कोशिश करेगा। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान साफ-सफाई और बिजली, पानी एवं प्रकाश के समुचित इंतजाम करने संबंधित अधिकारियों को अलग से बैठक बुलाई जायेगी।

कलेक्टर ने फ्लाई ओव्हर के निर्माण के कारण नागरिकों को आवागमन में हो रही असुविधा को दूर करने की दिशा में भी तुरंत कार्यवाही करने का भरोसा शांति समिति के सदस्यों को दिया। उन्होंने कहा कि वे खुद इस मुद्दे को व्यक्तिगत रूप से देखेंगे। डॉ. इलैयाराजा ने बैठक में मौजूद शांति समिति के सदस्यों से त्यौहारों के दौरान व्यवस्थायें बनाने में प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया।

कलेक्टर ने कहा कि शांति समिति के सदस्य शहर को ईकोफ्रेंडली बनाने में प्रशासन की मदद करें। लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करें तथा घर का कचरा नाले-नालियों में न फेंकने का आग्रह करें। कलेक्टर ने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर लगे प्रतिबंध की जानकारी देते हुए बताया कि शांति समिति के सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्र में इसका इस्तेमाल न करने की समझाईश लोगों को देने कहा। उन्होंने त्यौहारों पर भंडारे और लंगर सड़क से दूर हटकर लगाये जाने पर जोर देते हुये कहा कि आयोजकों को समझाईश दी जाये कि वे भंडारा या लंगर के स्थान पर डस्टबिन भी रखें ताकि यहां-वहां कचरा न फैले।

कलेक्टर ने बैठक में शहर के नागरिकों को त्यौहारों की अग्रिम बधाई भी बैठक में दी। उन्होंने कहा कि शहर सभी का है शांति सद्भाव कायम रहे यह सभी की जिम्मेदारी भी है।

### रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

पुलिस अधीक्षक ने बैठक में शांति समिति के सदस्यों को बताया कि त्यौहारों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी पुलिस की कड़ी नजर है और किसी भी धर्म या संप्रदाय के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने वालों से सख्ती से निपटा जायेगा एवं कठोर कार्यवाही की जायेगी।

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि चुनावी आचार संहिता और प्रतिबंधात्मक आदेश लागू होने के कारण त्यौहारों के दौरान केवल परंपरागत जुलूस या कार्यक्रमों का आयोजन ही किया जा सकेगा। इसके लिए भी सक्षम अधिकारियों से पूर्ण अनुमति प्राप्त करना जरूरी होगा। नये तरह के आयोजन त्यौहारों के दौरान नहीं किये जा सकेंगे।

उन्होंने शांति सदस्यों के सदस्यों से मिले सुझाव पर रानीताल चौराहे पर यातायात को सुगम बनाने, ट्रेफिक पुलिस, फ्लाई ओव्हर की कांट्रेक्टर कंपनी और लोक निर्माण विभाग के समन्वय से शीघ्र कार्यवाही का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि चार खंबा से बहौराबाग तथा गोहलपुर से रद्दी चौकी पर भी ईद-उल-अजहा के मद्देनजर यातायात के बेहतर इंतजाम सुनिश्चित किये जायेंगे। श्री बहुगुणा ने पुलिस अधिकारियों को थाना स्तर पर भी त्यौहार के पहले शांति समिति की बैठकें आयोजित करने के निर्देश इस मौके पर दिये।

# वेस्टइंडीज के बाद जिम्बाब्वे का दौरा करेगा भारत

## तीन वनडे मैचों की होगी सीरीज

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम छह साल बाद जिम्बाब्वे में वनडे सीरीज खेलेगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के बाद टीम इंडिया वहां जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय टीम जिम्बाब्वे में तीन वनडे मैच खेलेगी। 18, 20 और 22 अगस्त को मैच आयोजित हो सकते हैं। बीसीसीआई ने अभी तक इस दौरे को लेकर आधिकारिक बयान नहीं दिया है। उसने शेड्यूल भी जारी नहीं किया है।

बोर्ड जिम्बाब्वे के दौरे पर दूसरे दर्जे की टीम को भेज सकता है। वेस्टइंडीज में वनडे खेलने वाली टीम को ही वहां भेजा जा सकता है। शिखर धवन उसके कप्तान हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। इस सीरीज को लेकर जिम्बाब्वे के पूर्व कोच लालचंद राजपूत ने कहा, %%भारत के खिलाफ सीरीज जिम्बाब्वे के लिए एक बड़ा अवसर है। इससे वहां की युवा पीढ़ी में क्रिकेट को लेकर रुचि पैदा होगी। यह जिम्बाब्वे के लिए बेहतरीन सीरीज साबित हो सकती है।



भारतीय टीम 2016 के बाद पहली बार वहां वनडे सीरीज खेलने वाली है। पिछली बार तीन वनडे मैचों की सीरीज में टीम इंडिया 3-0 से जीती थी। उससे पहले 2015 में तीन मैचों की सीरीज में 3-0 और 2013 में पांच मैचों की सीरीज में 5-0 से सफलता हासिल की थी। 1998 में तीन मैचों की सीरीज में 2-1 से टीम इंडिया को जीत मिली थी। वहीं, 1997 में दो मैचों की सीरीज में जिम्बाब्वे ने 1-0 से जीत हासिल की थी। पहली बार 1992 में टीम इंडिया वहां वनडे सीरीज खेली थी। तब एक ही मैच हुआ था। उसमें भारत को जीत मिली थी।भारत अब तक जिम्बाब्वे में 17 वनडे मैच खेल चुका है। इस दौरान उसने 15 जीते हैं। उसे दो मैचों में हार मिली है। 1997 में जिम्बाब्वे ने भारत को आठ विकेट से हराया था। उसके बाद 30 सितंबर 1998 को उसने जीत हासिल की थी। तब हरारे में 37 से भारत को हराया था। उस मैच के बाद से टीम इंडिया जिम्बाब्वे में एक भी वनडे मैच नहीं हारी है। इस दौरान लगातार 11 मैच जीते हैं।



# चेन्नई सुपरकिंग्स से बाहर होंगे रवींद्र जडेजा?

## टीम से जुड़े सारे इंस्टाग्राम पोस्ट डिलीट किए

**मुंबई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपरकिंग्स के स्टार खिलाड़ी रवींद्र जडेजा इनदिनों फ्रेंचाइजी से खुश नहीं दिखाई दे रहे हैं। जडेजा के हालिया रवैये से ऐसा ही लग रहा है। उन्होंने 2021 से चेन्नई सुपरकिंग्स से जुड़े पोस्ट अपने इंस्टाग्राम हैंडल से हटा दिए हैं। इसके बाद ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले सीजन में जडेजा चेन्नई की ओर से खेलते हुए दिखाई नहीं देंगे।जडेजा और सीएसके ने एक-दूसरे को पहले ही सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया था। उसके बाद जडेजा ने अपने इंस्टाग्राम बायो से चेन्नई का नाम हटाया और फिर अब पिछले दो साल के सारे पोस्ट डिलीट कर दिए। इतना ही नहीं, जडेजा ने महेंद्र सिंह धोनी को सात जुलाई को उनके जन्मदिन पर सोशल मीडिया पर विश भी नहीं किया।जडेजा चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ 2012 में जुड़े थे। 10 सालों में उन्होंने टीम के साथ दो खिताब जीते। इस साल टूर्नामेंट शुरू होने से दो दिन पहले महेंद्र सिंह धोनी ने कप्तानी छोड़ने का एलान किया। रवींद्र जडेजा को अगला कप्तान बनाया गया। उन्होंने 37 दिन बाद ही अपने पद को छोड़ने का फैसला किया। धोनी को फिर से टीम की कमान संभालनी पड़ी। चेन्नई ने इस बार आईपीएल नीलामी से पहले धोनी-जडेजा समेत चार खिलाड़ियों को रिटेन किया था। जडेजा को फ्रेंचाइजी ने 16 करोड़ रुपए में सबसे अधिक पैसे के साथ रिटेन किया था। लेकिन धोनी को इस सीजन के लिए 12 करोड़ रुपए में ही रिटेन किया गया। इससे बाद से ही इस बात की अटकलें लगाई जा रही थी कि जडेजा को कप्तान बनाया जा सकता है। फिर जडेजा कप्तान भी बने, लेकिन दबाव को नहीं झेल पाए।

# भारत 2024 से 2032 के बीच में दो बार करेगा ऑस्ट्रेलिया का दौरा

## चार की जगह होंगे पांच टेस्ट मैच

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम अगले एफटीपी (फ्यूचर टूर प्रोग्राम) 2024-2032 में दो बार ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जा सकती है। दोनों देशों के बीच अभी चार टेस्ट की सीरीज खेली जाती है। अब इसमें इजाफा हुआ है। अगले एफटीपी में चार की जगह पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। आईसीसी साल 2024 से लेकर 2032 तक का कार्यक्रम बनाएगा।

ऑस्ट्रेलियाई वेबसाइट के मुताबिक, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने घरेलू और विदेशी ब्रॉडकास्टर को सूचित किया है कि उन्होंने अगले एफटीपी में भारत और इंग्लैंड के खिलाफ दो घरेलू पूर्ण टेस्ट दौरे को हासिल कर लिया है।



भारत के खिलाफ चार की जगह अब पांच टेस्ट होंगे। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले दो टेस्ट सीरीज में चार मुकाबले खेले थे। दोनों सीरीज को उसने अपने नाम किया था। मौजूदा आईसीसी एफटीपी 2018 से 2023 तक है। यह पुरूषों के 50 ओवर आईसीसी विश्व कप के साथ समाप्त हो जाएगी। विश्व कप अगले साल भारत में अक्टूबर-नवंबर में खेला जाएगा। पूर्ण एफटीपी के आधिकारिक रूप से इस महीने के अंत में घोषित होने की संभावना है जो बर्मिंघम में 25 और 26 जुलाई को आईसीसी की सालाना बैठक के करीब होगा। हाल के वर्षों में आस्ट्रेलियाई दर्शकों के लिए भारत के खिलाफ सीरीज आकर्षण रही है। इससे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को काफी फायदा भी होता है। पिछली चार मैचों की सीरीज ने उसे वित्तीय रुप से काफी मदद पहुंचाई थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को 300 मिलियन आस्ट्रेलियाई डॉलर का राजस्व मिला था।



# स्मिथ के बयान पर बोले- मैं उत्साहित हूं

## ब्रेंडन मैक्कुलम ने बैजबॉल को मूर्खतापूर्ण शब्द बताया

**मुंबई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के नए कोच ब्रेंडन मैक्कुलम और कप्तान बेन स्टोक्स ने पिछले कुछ हफ्तों में टीम को पूरी तरह से बदल दिया है। इंग्लैंड की जो टीम ऑस्ट्रेलिया में लगातार हार रही थी। वेस्टइंडीज में भी जीत के लिए जूझ रही थी। वही टीम न्यूजीलैंड और भारत जैसी टीम के खिलाफ लगातार चार मैच जीत चुकी है। भारत के खिलाफ इंग्लैंड की जीत के बाद बैजबॉल शब्द बहुत चर्चा में है। इंग्लिश मीडिया ने इंग्लैंड टीम पर कोच और कप्तान के प्रभाव को यह नाम दिया है। पिछले कुछ हफ्तों में इंग्लैंड की टीम टेस्ट क्रिकेट में आक्रामक अंदाज में खेली है। इसी अंदाज को बैजबॉल कहा जा रहा है। हालांकि, खुद ब्रेंडन मैक्कुलम को यह शब्द पसंद नहीं है और उन्होंने इसे एक घटिया शब्द करार दिया है।

### मैक्कुलम को नहीं पता, क्या है बैजबॉल

एडम गिलक्रिस्ट से बात करते हुए मैक्कुलम ने कहा फ्रमुझे नहीं पता बैजबॉल क्या है, लेकिन खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया है। मैं इससे बेहतर शुरुआत के बारे में नहीं सोच सकता। मुझे यकीन है कि हमारे खिलाड़ी आगे भी यह सकारात्मक रवैया अपनाने की कोशिश करेंगे। मुझे लगता है कि सिर्फ आक्रामक होना इसके लिए काफी नहीं है, जिस तरह से खिलाड़ी खेले हैं वह रवैया जरूरी है। इसी वजह से मैं इस घटिया शब्द को नहीं पसंद करता हूं, जो लोग लगातार इस्तेमाल कर रहे हैं। किस गेंदबाज को निशाने पर लेना और कब निशाने पर लेना है। यह समझना जरूरी है। जरूरत के हिसाब से सबने अपना खेल बदला है। कई मौकों पर उन्होंने शानदार तरीके से दबाव सोखा है।

### स्मिथ को भी दिया जवाब

कुछ समय पहले स्टीव स्मिथ ने कहा था कि जब जोश हेजलवुड और पैट कमिंस हरी पिच पर गेंदबाजी करेंगे तो यह देखना मजेदार होगा कि बैजबॉल कितना प्रभावी साबित होता है। इस पर मैक्कुलम ने कहा मैंने वो कमेंट अपनी फीड पर कहीं देखे थे। यह सच है, जब हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेंगे तो यह अलग चुनौती होगी। इस दौरान हमारे तरीके को चुनौती मिलेगी। इससे पता चलेगा कि हम क्या हासिल करने में सक्षम हैं और मेरी समझ में यह काफी रोमांचकक होने वाला है। यही खेल है, यह खुद को फिर से और बेहतर बनाने और सबसे बेहतर का सामना करने से है। मैक्कुलम ने आगे कहा कि उनके अनुसार न्यूजीलैंड और भारत दोनों बहुत ही बेहतरीन टीम हैं। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के सामने अलग तरह की चुनौती होगी। इसमें एशेज का इतिहास और चिर-प्रतिद्वंदी होना मजेदार है। अब ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें एशेज में अगले साल भिडेंगी।

# सरकारु वारु पाटा के बाद इस फिल्म से धमाल मचाएंगे महेश बाबू, पूजा हेगड़े संग बनेगी जोड़ी



**मुंबई (एजेंसी)।** दक्षिण भारतीय अभिनेता महेश बाबू की फिल्म सरकारु वारी पाटा मई में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म को दर्शकों की तरफ से अच्छा रिस्पांस मिला था, जिसके चलते फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी बढ़िया कलेक्शन किया था। फिलहाल अब इस फिल्म के बाद अभिनेता अपनी नई फिल्म के लिए तैयारी में जुट गए हैं। महेश बाबू अपनी आगामी फिल्म के लिए एक बार फिर से निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ काम शुरू करने जा रहे हैं।

### अगस्त में शुरू होगी शूटिंग

सामने आई जानकारी के मुताबिक, अभिनेता महेश बाबू निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ फिल्म %स्स्स्ब्क28% के लिए साथ काम करेंगे। हालांकि पहले भी इस बात की जानकारी सामने आई थी लेकिन अब इसकी शूटिंग डिटेल्स भी साझा कर दी गई हैं। फिल्म %स्स्स्ब्क28% को श्रद्धा कृष्णा द्वारा निर्मित किया जा रहा है साथ ही इस फिल्म की शूटिंग अगस्त में शुरू हो जाएगी। फिल्म में अभिनेता महेश बाबू के साथ अभिनेत्री पूजा हेगड़े भी नजर आने वाली हैं।

### महेश बाबू, एसएस राजामौली

फिल्म स्स्स्ब्क28 के बाद भी अभिनेता अगले दो साल तक पूरी तरह से व्यस्त रहने वाले हैं क्योंकि रिपोर्ट की मानें तो उन्हें एस एस राजामौली के अगले प्रोजेक्ट के लिए साइन किया गया है और इसी के साथ अभिनेता महेश बाबू पैन इंडिया स्टार बनने के लिए भी तैयार हैं। राजामौली की इस आगामी फिल्म पर साल 2023 से काम शुरू होगा। वहीं महेश बाबू की फिल्म SSMB 28 की रिलीज के लिए भी दर्शकों को अभी 2023 तक का लंबा इंतजार करना होगा।

# लिखा- गर्व है कि...

## जैकलीन ने शेयर किया अपनी हॉलीवुड फिल्म टेल इट लाइक अ वुमन का पोस्टर



**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां इस समय हॉलीवुड में भी अपने कदम जमा रही हैं। इन्हीं में मशहूर अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज का नाम भी शामिल है। एक्ट्रेस ने आज अपनी अगली हॉलीवुड फिल्म %टेल इट लाइक ए वुमन% का पहला पोस्टर साझा किया है। सबसे दिलचस्प बात ये हैं कि यह आठ महिला फिल्म निर्माताओं द्वारा निर्देशित है। जैकलीन ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा कि उन्हें इस परियोजना का हिस्सा होने पर गर्व है। एक्ट्रेस ने पोस्टर के साथ अपने साथ काम करने वाली महिला को एक्ट्रेस और निर्देशकों की तस्वीर भी साझा की है।जैकलीन फर्नांडिस अपने इंस्टाग्राम से अपनी इस आगामी हॉलीवुड फिल्म %टेल इट लाइक अ वुमन% का पहला पोस्टर साझा करने के साथ ही को-स्टार्स और निर्देशकों की तस्वीर भी शेयर की है जिसमें जैकलीन, मार्गेरिटा बाय, ईवा लोंगोरिया, कारा डेलेविंगने, ऐनी वतनबे, जेनिफर हडसन और मार्सिया गे हार्डेन के साथ दिखाई दे रही हैं। जैकलीन ने टेल इट लाइक अ वुमन का पोस्टर साझा करते हुए लिखा, टेल इट लाइक अ वुमन की पूरी टीम के साथ इस असाधारण प्रयास का हिस्सा बनकर मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों से 8 महिला निर्देशकों द्वारा निर्देशित एक संकलन। मुझे इस स्पेशल जर्नी का हिस्सा बनाने के लिए थैंक्यू लीना यादव जिन्होंने मेरे भाग का निर्देशन किया और मेरे निर्माताओं को भी बहुत बहुत शुक्रिया जो इस अविश्वसनीय फिल्म के पीछे हैं। इसे देखने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकती बात करें वर्क फ्रंट की तो हाल ही में जैकलीन फिल्म बच्चन पांडे में अक्षय कुमार के साथ दिखाई दी थीं वहीं अब एक्ट्रेस अपनी आगामी बॉलीवुड फिल्म सर्कस में रणवीर सिंह के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा उनके हाथ में अक्षय की रामसेतु भी है। यह एक एक्शन एडवेंचर फिल्म होगी। इस फिल्म में अक्षय और जैकलीन के अलावा अभिनेत्री नुसरत भरूचा भी दिखाई देंगी।





# शादी के 10 साल बाद भी मां बनने को तैयार नहीं राम चरण की पत्नी उपासना, बताई चौंका देने वाली वजह



**मुंबई (एजेंसी)।** साउथ सुपरस्टार राम चरण अपनी शानदार फिल्मों की वजह से केवल दक्षिण भारत में ही नहीं बल्कि पूरे देश में मशहूर हैं। हाल ही में रिलीज हुई उनकी फिल्म आरआरआर ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। इस फिल्म की वजह से उनकी फैन फॉलोइंग में जबरदस्त इजाफा देखने को मिला है। अपनी एक्टिंग और लुक्स की वजह से राम चरण की महिला प्रशंसकों की संख्या काफी ज्यादा है, लेकिन 10 साल पहले वह शादी करके अपनी फीमेल फैंस का दिल तोड़ चुके हैं। राम चरण ने उपासना से शादी की है। शादी के इतने साल बाद भी दोनों माता-पिता नहीं बन सके हैं। इसको लेकर उनसे हमेशा सवाल पूछा जाता है और दोनों ही इस सवाल का खुलकर जवाब भी देते हैं। इस बीच उपासना का बच्चे को लेकर एक बयान इन दिनों खूब वायरल हो रहा है।राम चरण की पत्नी उपासना को बेबाकी से अपनी बात रखने के लिए जाना जाता है। हाल ही में राम चरण की पत्नी उपासना कामिनेनी कोनिडेला ने 17वें एटीए सम्मेलन में सद्गुरु जग्गी वासुदेव के साथ बातचीत की। बातचीत के दौरान, उपासना ने बच्चे पैदा करने और अपने जीवन में %तीन आर% के बारे में बात की। बता दें कि तीन आर से तात्पर्य रिलेशनशिप, रिप्रोडक्शन और जीवन में उनकी भूमिका से है। उपासना ने बातचीत के दौरान बताया कि वह आबादी को कंट्रोल करने के लिए बच्चा नहीं चाहती हैं।रिलेशनशिप के बारे में जवाब देते हुए सद्गुरु ने कहा कि उनके रिलेशन की बात में शामिल होना उनका काम नहीं है। आध्यात्मिक गुरु ने कहा, %मनुष्य कार्बन फुटप्रिंट के बारे में चिंतित है लेकिन अगर मानव पदचिह्न कम हो जाते हैं, तो ग्लोबल वार्मिंग के बारे में भी चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। इसलिए, उन महिलाओं को देखना अच्छा है जिन्होंने प्रजनन नहीं करना चुना है।% इस पर उपासना ने कहा, %मैं आपको बहुत जल्द अपनी मां और सास से बात करवाऊंगी%, जिस पर सद्गुरु ने उत्तर दिया, %मैंने ऐसी कई सास से बात की है।बता दें कि राम चरण और उपासना की शादी साल 2012 में हुई थी। दोनों एक दूसरे को कॉलेज के दिनों से ही जानते हैं। शादी से पहले दोनों अच्छे दोस्त थे। धीरे-धीरे यह दोस्ती प्यार में बदल गई। उपासना की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह अपोलो चैरिटी की वाइस प्रेसिडेंट हैं, साथ ही वह बी पॉजिटिव मैगजीन की चीफ एडिटर भी हैं। वहीं, राम चरण के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह हाल ही में %आरआरआर% और %आचार्य% में नजर आए थे। इसके अलावा वह जल्द ही फिल्म %आरसी 15% में नजर आने वाले हैं।

## ये कैसी मां.... जिसे बच्चे के गायब होने का गम नहीं

# 15 साल के शुभम को खोजने दादी-बुआ के पैर छिले, आंसू थम नहीं रहे

**जबलपुर, यशभारत। गढ़ा शाहीनाका से पांचवी में पढ़ने वाला 15 साल का शुभम घर से तीसरी बार गायब हो गया। दादी ने रोते हुए बताया कि वह पूरे घर की जान है, तीन भाईयों में केवल वही उनके पास रहता है, दो भाई मां के साथ रहते है, क्योंकि मां घर छोड़कर मायके माढ़ोताल में रहती हैं। बालक मानसिक बीमार है, लेकिन वह बोलता है, ऐड्रेस भी बता देता है....हम उसे छोड़ नहीं सकते। जिसकी शिकायत थाना गढ़ा में करीब एक महिने पहले की थी, लेकिन अभी तक मासूम का पता नहीं चल सका है।**



जानकारी अनुसार गनेश बाई ने बताया कि उनका नाती शुभम चौधरी उम्र 15 साल पिता मनोज चौधरी शाही नाका गढ़ा चौधरी मोहल्ला का निवासी है। मामला 31 मई 2022 का है। एक महिने बीत जाने के बाद भी मासूम का पता नहीं चल सका है। जिसकी रिपोर्ट परिजनों ने थाना गढ़ा में दर्ज करवाई थी। दादी ने कहा कि उनके नाती का किसी ने अपहरण कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### दो बार घर से बिना बताए हो गया था गायब

पीड़िता दादी ने बताया कि उनका नाती पहले भी दो बार घर से बिना बताए गायब हो चुका है, लेकिन बाद में मिल गया था। यह तीसरी बार है जब वह दुकान से कुरकुरे खरीदने गया था, जहां से फिर लौटकर घर नहीं आया।

### बालक को कर रहे ट्रेस

गढ़ा थाना प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया कि बालक के पास मोबाइल नहीं है, जिस कारण ट्रेस नहीं हो पा रहा है। जल्द ही ट्रेस कर दस्तयाब कर लिया जाएगा।

### मां को मतलब नहीं मायके में रह रही

मासूम को खोजने के लिए दादी और बुआ के पैर छिल गए लेकिन जानकर हैरानी होगी मासूम की मां को इससे कोई लेना-देना नहीं है। बुआ-दादी का कहना है कि शुभम इससे पहले भी घर से गायब हो चुका है उस वक्त भी उसकी मां को चिंता नहीं थी। मां मायके में रह रही है। दादी का कहना है कि शुभम जैसा भी लेकिन वह घर का चिराग है उसे ऐसे नहीं छोड़ सकते हैं।

### पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर शुरू की जांच

इधर गढ़ा पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर अपरहण का केस दर्ज बालक की तालाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि बालक की मानसिक हालात ठीक नहीं है इससे पहले भी जब घर से गायब हुआ था उस वक्त भी खोजकर परिजनों के हवाले किया गया था। बालक को खोजने के लिए पेट्रोलिंग जारी है।

# जगदीश मंदिर में दोस्त ने मित्र को उतारा मौत के घाट





मृतक शैलेन्द्र रैकवार का जीवित अवस्था का चित्र

## ताबड़तोड़ चाकू से किए वार, आरोपी फरार

**जबलपुर, यशभारत।** लार्डगंज थानांतर्गत आगा चौक में शुक्रवार को देर रात पुराने विवाद पर दोस्त की ही दोस्त ने चाकू मारकर नृशंस हत्या कर गई। घटना की जानकारी लगने पर परिजनों ने हंगामा कर दिया। पुलिस के अनुसार आगा चौक बस्ती निवासी 28 वर्षीय शैलेन्द्र रैकवार देर रात साथियों के साथ लटकारी का पड़ाव रोड गढ़ाफाटक के पास खड़ा था। तभी मोहल्ले के 30 वर्षीय शिवा साहू ने पुराने विवाद पर गाली-गलौज कर चाकू से शैलेन्द्र पर दनादन बार कर दिए। अत्यधिक मात्रा में रक्त बह जाने से उसकी मौत हो गयी। हत्या की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, आरोपी की सरगर्मी से तलाश में जुटी है।

## बेलबाग में भतीजे कलूटा ने चाचा को घोंप दी चाकू

**जबलपुर, यशभारत।** बेलबाग के बंगाली मोहल्ला में देर रात चाचा और भतीजे में पुरानी बुराई को लेकर हाथापाई हो गयी। जिसके बाद चाचा को भतीजे कलूटा ने चाकू से वार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, आरोपी भतीजे को तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि रविन्द्र वंशकार 40 वर्ष निवासी बंगाली मोहल्ला ने पुलिस को बताया कि नगरनिगम में प्राईवेट काम करता है। अपने भाई के यहां से खाना खाकर घर आया कि घर के बगल में उसका भतीजा कलूटा वंशकार बिना वजह विवाद करने लगा। उसने विवाद करने से मना किया तो कलूटा उर्फ संजीत चाय की दुकान में आकर गाली गलौज करते हुये किसी नुकीली चीज से हमलाकर कर जांघ में हमला कर लहूलुहान कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

**पुरानी रंजिश पर दिया वारदात को अंजाम, आरोपी फरार**

## खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई

# 750 हाईवा रेत जब्त

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी के निर्देश पर खनिज विभाग और पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 750 हाईवा रेत जब्त की है। रेत माफि याओं ने पहाड़ और सड़क के किनारे अवैध तरीके से रेत का भंडारण किया हुआ था। खनिज विभाग और पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से की गई कार्रवाई के बाद अब माफि याओं में हड़कंप मचा हुआ है। रेत के अवैध भंडारण की शिकायत पर खनिज विभाग, राजस्व और पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से टीम बनाकर पाटन क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। खनिज विभाग के मुताबिक इटवा इमलिया गांव में शासकीय भूमि में लगभग डेढ़ सौ हाईवे रेत का भंडारण किया गया था जिसे की जब्त करने की कार्यवाई की गई है।

**रेत माफिया का नहीं है सुराग!**

**बूढ़ी कोनी में भी कार्रवाई**

जानकारी अनुसार इसके अलावा पुलिस प्रशासन ने ग्राम बूढ़ी कोनी की शासकीय भूमि खसरा क्र. 123 के अंश भाग पर लगभग 100 हाइवा का अवैध भण्डारण पाया। ग्राम कोनी कलां मे दो अलग-अलग स्थान मे खसरा क्र. 03 एवं खसरा क्र. 5/1 पर लगभग 450 हाइवा रेत का भण्डारण। ग्राम सुरैया मे माताजी के मंदिर के सामने लगभग 20 हाइवा रेत। ग्राम देवरी स्थित धमनी मार्ग पर लगभग 20 हाइवा रेत। सभी स्थानों पर रेत खनिज जब्त कर ग्राम कोटवार की सुपुर्दगी मे दिया गया। खनिज विभाग अब यह जानकारी जुटाने में लगा हुआ है कि इतनी बड़ी तदाद में रेत भण्डारणकर्ता कौन कर रखा था। कार्यवाई के दौरान राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार सुरभि जैन एवं सम्बंधित राजस्व निरीक्षक व हल्का पटवारी, खनिज विभाग से खनिज निरीक्षक दीपा बारेवार आदि उपस्थित रहे।

# गोरखपुर में गल्ला व्यापारी के घर से 5 लाख की चोरी

## 1 लाख नगदी और जेवरात ले उड़े चोर

**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर के गुप्तेश्वर वार्ड अशोक अपार्टमेंट में देर रात सूने मकान के गेट का कुंदा तोड़कर शातिर चोरों ने 5 लाख की नगदी और सोने-चांदी के जेवरातों पर हाथ साफ कर रफूचक्कर हो गए। जिस वक्त यह घटना हुई व्यापारी सपरिवार छिंदबाड़ा समारोह में शामिल होने गया था। पड़ोसी ने फोन कर सूचना दी। जिसके बाद व्यापारी घर पहुंचा तो मेन गेट का कुंदा टूटा था और घर के अंदर रखा हुआ लॉकर क्रेक कर चोरों ने नगदी और जेवरात उड़ा दिए। पुलिस ने शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज कर, आसपास लगे सीसीटीव्ही खंगाल रही है।



पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सतेन्द्र पाल सिंग निवासी गुप्तेश्वर वार्ड अशोक अपार्टमेंट ने शिकायत दी कि वह पेशे से गल्ला व्यापारी है और एक समारोह में शामिल होने छिदबाड़ा गया था। तभी रात में पड़ोसी देवेन्द्र सिंग ने फोन कर बताया कि उसके दरबाजे का कुंदा टूटा है। घर के अंदर जाकर देखा तो गृहस्थी का पूरा सामान अस्तव्यस्त था और घर की अलमारी में रखे पैत्रिक गहने और एक लाख रुपये की नगदी गायब थी। पुलिस आरोपियों को तलाशने हर संभव प्रयास कर रही है।

2005 से अग्रणी
2021-2022 सत्र हेतु प्रवेश
महात्मा गांधी महिला कम्प्यूटर इन्स्टीट्यूट
(माखन लाल चतुर्वेदी विश्व विद्यालय से) बेसिक कम्प्यूटर कोर्स
PGDCA योग्यता स्नातक | DCA योग्यता बारहवीं | BCA योग्यता बारहवीं | TALLY | CPCT | TYPING
सफलता के 16 वर्ष
आयुष गैलरी के ऊपर, होमसाइंस कॉलेज रोड, जबलपुर जबलपुर- 9111167792, 6265955100

हृदय रोग जांच एवं परामर्श
डॉ. इसरार अहमद
M.B.B.S., PGDCC (Dip.Card), CCEBDM, FNIC
Fellowship in Echocardeography
हार्ट अटेक (हृदयधाट) | सीने में दर्द व भारीपन
उच्च रक्तचाप | बी.पी.का बढ़ना या घटना
घबराहट व धड़कन बढ़ना | बिना वजह पसीना आना
दिन- सोमवार से शनिवार समय- शाम 7:00 से 9:30
मो. 9717459755/फोन-0761-2443366
पता-1969,नाज मेडिकल हाईकोर्ट रोड रद्दी चौकी, जबलपुर

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन, Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

AFFILIATED TO CBSE
ATAL LAB
GREEN VALLEY PUBLIC SCHOOL
ADMISSION OPEN
SEPARATE HOSTAL FACILITY FOR BOYS & GIRLS
NURSERY TO CLASS- 12th
FREE BOOKS & UNIFORM FOR NEW ADMISSION
Raingwa, Karmeta, Patan Road Jabalpur- 9300119919, 9300154300

Estd.2006
महात्मा गाँधी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
नन्दवन्दन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
प्रवेश प्रारंभ 2022-23
M.Sc. (N) 2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स M.S.N., C.H.N., Pedia N. Obs N. Psy N.
P.B.B.Sc. (N) 2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स
G.N.M. 3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स
B.Sc. (N) 4 वर्षीय नर्सिंग कोर्स
A.N.M. 2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स
महात्मा गाँधी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, मेन रेलवे स्टेशन के पास, होटल कस्तुरी के सामने, डिलाइट टॉकीज कैम्पस, साउथ सिविल लाइन्स, जबलपुर
Mob. 9300637079, 8103218415, 9893691462, 9200007079, 9200007074

त्रिभुवनदास मालपाणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिलौनीगंज, जबलपुर
Nursery to Class XII (English & Hindi Medium)
विद्यालय की विशेषताएं
- छात्र/छात्राओं के अध्ययन के लिए प्रोजेक्टर प्रत्येक कक्षा में, अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य।
- छात्र/छात्राओं के लिये भौतिक/रसायन/जीव विज्ञान/आईपी कम्प्यूटर प्रयोग शाला, अटल टिंकरिंग लैब।
- छात्र/छात्राओं के लिये कक्षाओं की सुविधा
- विद्यालय द्वारा नेशनल स्तर तक जूडो के खिलाड़ी ने स्वर्ण प्राप्त किये।
- बोर्ड कक्षाओं का शत- प्रतिशत परीक्षाफल।
- खेलकूद में छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति सुविधा 10000/-, 8000/-6000/- प्रतिवर्ष
- अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों हेतु शासन द्वारा छात्रवृत्ति सुविधा।
प्रवेश प्रारंभ 2022-23
प्रातःपाली 7.30 से 12.00 पहली से 12वीं अंग्रेजी माध्यम
दोपहर पाली 12.20 से 5.10 6वीं से 12वीं हिन्दी माध्यम
संपर्क 9009505955, 0761-4016415

SINCE 1995
METC
AN INSTITUTE OF COMPUTER & VOCATIONAL EDUCATION
माखनलाल चतुर्वेदी रा.प.वि.वि. से संबद्ध
PGDCA | प्रवेश प्रारंभ | TALLY PRIME
DCA | सर्वश्रेष्ठ परिणाम | CPCT SPECIAL BATCHES
AIECCE New Delhi संबद्ध
NTT नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग
Elg.-10",12"/Graduate
FREE Seminar, GDPL, Course Material & Skill Dev.
3rd फ्लोर, मोहित चेम्बर्स, राईट टाउन- 9302227789 | राजुल सिटी गंगानगर, गढ़ा-9303327788

माँ शक्ति
एकवा आरो सिस्टम
सभी प्रकार के आरो सैल्स एवं सर्विस के लिए सम्पर्क करें :
मो.- 9074629210
अब अपने RO की सर्विसिंग कराएं वो भी बिल्कुल फ्री
पता- शंकर नगर करमेता, जबलपुर

916 हॉलमार्क ज्वेलरी
मेकिंग चार्जेस पर पाएँ 25% Discount
100% EXCHANGE On Hallmark Jewellery
लकी ड्रॉ
जेवर खरीदें और जीतें लाखों के ईनाम
TWO WHEELER
आसान किस्तों में ज्वैलरी खरीदें
होलसेल एवं रिटेल विक्रेता
अरिहंत ज्वेलर्स
गोल्ड | डायमंड | सिल्वर
789, होटल समदड़िया इन, रसल चौक, जबलपुर - 8878730000

Admission open 2022-23
A Name of Quality Education
ESTD- 2004
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
Dr. Vijaykant Tiwari (Director)
अधारताल/गोहलपुर, जबलपुर (English & Hindi Medium)
चुने यही स्कूल क्योंकि यहाँ से-
- अधिकतम छात्र IIT/NEET/CAR में सलेक्ट होते है।
- अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, लैब, कम्प्यूटर लैब
- प्रतिवर्ष बोर्ड कक्षा में सर्वश्रेष्ठ परिणाम
- 10"/12" में परसेन्ट बढ़ाने CBSE/ICSE
एम.पी. बोर्ड में एडमीशन पर स्पेशल डिस्काउन्ट
नोट- हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ-साथ कमजोर बच्चे भी बेहतर रिजल्ट लाकर दिखाते हैं। इसलिए हम देते हैं बोर्ड परीक्षाओं में शत् प्रतिशत 100% रिजल्ट
स्पेशल डिस्काउन्ट का अंतिम सप्ताह
गुलाब टॉवर, स्टेट बैंक के पीछे, अधारताल, मो: 0761-4020761, 6263988587
शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर मो: 9111009016

गैलेक्सी
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
आर्यरा
AaryAra (illuminate AspiratioN)
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com www.galaxyhospitaljbp.com

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

स्थापना 1948
74 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481262,2481362

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)